ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

दिशा पाटनी से ब्रेकअप के बाद टाइगर श्रॉफ की... पेज 10 पर



www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 11 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-296 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00






# ॥ स्कॉलर्स को जोहार ॥

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा **पारदेशीय छात्रवृत्ति** एवं चेवनिंग मरङ गोमके **जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति**

**2023-2024**

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

**श्री चंपई सोरेन**
माननीय मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन, कला- संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

दिनांक : 11 अगस्त 2023 | समय : अपराह्न 03:00 बजे
स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, रांची

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्यान विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 304413 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 2023-24

## NEWS इन ब्रीफ

### बघमनवा ग्राम पंचायत में 'मेरी मिट्टी-मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन

**विश्रामपुर।** प्रखंड के बघमनवा ग्राम पंचायत में आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मुखिया मंजू देवी के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया मंजू देवी ने मिट्टी उठा कर किया। इस दौरान अमृत बाटिका व अमृत कुंज पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस हेतु ग्रामीणों को शपथ मुखिया मंजू देवी ने दिलायी। कार्यक्रम के दौरान बघमनवा स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया गया। मौके पर युवा भाजपा नेता मनीष कुमार, संगीता देवी,सुषमा देवी, अनिल यादव,प्रधानाध्यापक रामजन्म कुमार,शिक्षक कृष्णकांत कुमार,प्रेमनाथ विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

### नप मुख्यालय में सारे दिन मची रही अफरा- तफरी

# कुत्तों का कहर, बच्चा, महिला सहित 19 लोगों को काटकर किया घायल

## ग्रामीणों ने एक पागल कुत्ता को पीट-पीट कर मार डाला

### पीड़ितों को एंटी रेबीज का इंजेक्शन भी दिया जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नप मुख्यालय में गुरुवार को पागल आवारा कुत्तों का कहर रहा। पागल हो चुके आवारा कुत्तों ने बच्चे, महिला सहित कुल 19 लोगों को काटा। कुत्तों द्वारा काटकर घायल किये गये लोगो का इलाज बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इस घटना से पूरे विश्रामपुर शहर में अफरा तफरी मची रही। गुस्साये ग्रामीणों ने बाद में एक कुत्ते को लाठी डंडे से पीट पीट कर मार डाला। मिली जानकारी के अनुसार बिश्रामपुर डोम मुहल्ला, गढ़ मुहाल्ला, डाक बंगला मुहल्ला, उरसुला नावाडीह, लुरी खुरी, लकडही व तेनुवाही गांव के कुल 19 लोगों को आवारा पागल कुत्ते ने बारी बारी से काट कर घायल कर दिया। कुत्ते द्वारा काटे गये घायलों में आयुष कुमार, कुकू कुमार, नंदनी देवी, रिया कुमारी, बजरंगी कुमार, सूर्या कुंवर, नंदनी देवी, सोनी देवी, रितेश यादव, आकाश कुमार, छोटी कुमारी, निशा कुमारी, विश्वजीत कुमार, शिव कुमारी देवी, मालती देवी, विश्वनाथ राम, ऋतिक कुमार सहित 19 लोगों का नाम शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एम एम प्रसाद ने बताया कि सभी के जख्म का इलाज चल रहा है। पीड़ितों को एंटी रेबीज का इंजेक्शन भी दिया जा रहा है।मौके पर जीएनएम सतेंद्र कुमार, ड्रेसर गौतम कुमार,आदित्य पाल, राजन कुमार, इसरार हवारी सहित कई लोग मौजूद थे।



## स्वतंत्रता दिवस को लेकर एसडीओ ने की बैठक

### प्रतिमाओं की साफ- सफाई का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्वतंत्रता दिवस झंडोत्तोलन को लेकर अनुमंडल कार्यालय परिसर में बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने की। बैठक में सभी विभागों, सरकारी कार्यालयों व प्रतिमा स्थलों पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य रूप से मनाने की बात कही गयी। एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने नगर पंचायत को सभी चौराहों पर स्थापित प्रतिमा स्थलों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व की तरह प्रभात फेरी का भी निर्देश दिया। वहीं सुबह से 12 बजे तक शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश न हो, इसके लिए पुलिस बल को निर्देश दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रेश्वर प्रसाद, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, निवर्तमान उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, उप प्रमुख इंदु देवी, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कृष्ण कांत दुबे, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अशहर रूमी, शिक्षिका तबस्सुम मीना, वशिष्ट कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, डीडीओ सुनील कुमार, डां पीएन सिंह, प्रेमतोष सिंह, सच्चितानंद तिवारी, सुनील कुमार, सुधीर सिंह, सच्चिता सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अखिलेश विश्वकर्मा, भीम दयाल रमन आदि लोग मौजूद थे।



## सर्प दंश से रेहला की एक महिला गंभीर

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के दीक्षित मुहल्ला निवासी एक महिला की सर्पदंश से गंभीर स्थिति बनी हुई है। जिसकी पहचान रेहला के दीक्षित मुह्हला निवासी इंदु देवी उम्र करीब तीस वर्ष के रूप में हुई है। जिसे परिजनों ने आनन फानन में सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार महिला गुरुवार सुबह घर में झाड़ू लगाकर कचरे को उठाकर बाहर फेंकने गई थी। इसी क्रम में घर के बगल की झाड़ी से निकलकर एक सर्प ने डस लिया। वही सीएचसी चिकित्सक डॉ. एमएम प्रसाद ने बताया कि महिला का इलाज किया जा रहा हैऔर वह फिलहाल खतरे से बाहर है। मौके पर सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर लिली स्टेकापूर्ति, ड्रेसर गौतम कुमार, जीएनएम सतेन्द्र कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।



### 'मेरी मिट्टी- मेरा देश' को ले संग्रहित हुई गांव की मिट्टी

**मेदिनीनगर।** पंडवा पलामू देश के शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि के रूप में शुरू की गई सरकार की ओर से संचालित मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के आठों पंचायतों से पवित्र मिट्टी संग्रहित की गई। कजरी में मुखिया रंजना कुमारी सिंह, मुरमा में मुखिया कमला देवी, पतरा में मुखिया सुनिता देवी, लोहड़ा में मुखिया सुमित्रा देवी, छेछौरी में मुखिया राजीव रंजन, गाड़ी में मुखिया शंकर साव, पंडवा में मुखिया सिन्धु देवी मझिगांव में मुखिया आशा प्रसाद व जनप्रतिनिधियों ने आस्था पूर्वक कलशों में मिट्टी संग्रहित किया। इसे प्रखंड कार्यालय पहुंचाया गया। वहां से सभी कलशों को जिला कार्यालय में सौंप दिया गया। इधर मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर सभी पंचायतों में बैठक आयोजित की गई। इसमें स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया व विकास संबंधित चर्चा हुई। इसके अलावा अभियान को सफल बनाने पर पर बल दिया गया। मौके पर पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि सभी पंचायतों में अमृत वाटिका की शुरूआत 15 अगस्त से की जायेगी। इसमें सभी तरह के 75 पौधों का रोपण किया जायेगा। साथ ही शिलापट्ट लगाया जाएगा इस मौके पर बीपीओ स्वीटी सिन्हा,बडा बाबू अभिषेक सिंह,बसंत राजू मिंज, संजीव गुप्ता,पंचायत सचिव मनोज कुमार मिश्रा, कमला प्रसाद, नरेन्द्र पांडेय, रोजगार सेवक गिरेन्द्र मिश्रा,महाराणा प्रताप सिंह, अनुज सिंह, अशोक प्रसाद, संजीव कुमार,असगर अंसारी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### कस्तूरबा विद्यालय में बच्चों को खिलायी गयी फाइलेरिया की दवा



**पाटन।** कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में गुरूवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत विद्यालय के बच्चियों को प्रमुख शोभा देवी के हाथों दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रमुख शोभा देवी, डॉ0 उमेश सिंह व वार्डेन अर्चिता सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। संचालन बीटीटी गनौरी पासवान ने किया। मौके पर प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि रोग का समुल निवारण इलाज से ही संभव है। सरकार के द्वारा पोलियो के टीकाकरण के तरह ही फाइलेरिया का भी डोज दिया जा रहा है। डॉ0 उमेश सिंह ने कहा कि समय से दवा को डोज लेने से ही बिमारी को दूर किया जा सकता है। एटीएम उदय चौधरी ने फाइलेरिया डोज के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। बीपीएम शशिकांत ने बताया कि पाटन व पड़वा में 1 लाख 86 हजार दो साल से ऊपर के लोगो को 10 अगस्त से 26 अगस्त तक अभियान के तहत दवा खिलाना है। इसमें स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। बीपीएम ने बताया कि प्रत्येक साल अगस्त माह में हि फाइलेरिया की दवा दी जाती है। मौके पर बीएम विरेन्द्र कुमार, सुनीता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रीना कुमारी, आराधना सिंह, अमित कालिया व सभी विद्यालय कर्मी मौजूद रहे।

## 'मेरी मिट्टी -मेरा देश' अभियान कार्यक्रम के तहत संग्रहित मिट्टी जिला भेजी गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** मेरी मिट्टी -मेरा देश कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरों से लाई गई मिट्टी को प्रखण्ड स्तर से जिला भेजा गया । मिट्टी भेजते हुये बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा की पंचायतों से लाई गई मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी जो भारत की स्वतंत्रता, , एकता एवं अखण्डता का प्रतीक होगा तथा देश के प्रत्येक लोगों मे देशभक्ति की भावना की सृजन करेगा। मौके पर बीपीओ निर्मलकान्त ठाकुर, जीपीएस कामेश्वर महतो, प्रधान सहायक मृत्युंजय सिंह, ब्रजेश कुमार, दीपक कुमार तिवारी , जमील अहमद , नाजिर सोनम कुमार आदि उपस्थित थे।

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

# चावल गबन मामले में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित दो पदाधिकारी नपे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्रों के पोषाहार का 341 क्विंटल चावल गबन मामले में आपूर्ति विभाग के दो पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुआ है। दर्ज प्राथमिकी में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह हरिहरगंज प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निर्मल सिंह एवं सहायक गोदाम प्रबंधक राजेंद्र कुमार सिंह पर पलामू जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्को द्वारा प्राथमिक की दर्ज कराई गयी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि अनाज गबन मामले में दो पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। ज्ञात हो कि राज्य खाद्य निगम के गोदाम से आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों के खिचड़ी पोषाहार के लिए आवंटित खाद्यान गायब होने के मामले को लेकर डीसी शशि रंजन ने आपूर्ति विभाग के सहायक आपूर्ति पदाधिकारी निर्मल कुमार सिंह, वर्तमान एजीएम राजेंद्र सिंह पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है कि हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस मामले को संज्ञान में लिया था। वर्ष 2022- 23 के प्रथम तिमाही के लिए हरिहरगंज परियोजना क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का पोषाहार का चावल आया था, जो आगनबाड़ी केंद्रों में नहीं पहुंच सका था।



### स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया उन्मूलन की दी गई जानकारी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, निवर्तमान उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दीपक कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. दीपक कुमार ने फाइलेरिया बीमारी से बचाव पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति पलामू के गाइडलाइंस के आलोक में यह कार्यक्रम जारी है। उन्होंने कहा कि आईडीए की गोली खाकर फाइलेरिया से बचाव किया जा सकता है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा की स्वास्थ्य के प्रति सभी लोंगो को सजग रहने की जरूरत है। वही कार्यक्रम के सम्बंध में अधिक से अधिक लोगों को सक्रिय रहने की जरूरत है।

## फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर कार्यक्रम की शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन विश्रामपुर प्रमुख रंभा देवी, जिप सदस्य विजय रविदास, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पंकज लाल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. स्टेला पूर्ती, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार, डॉ. प्रियंका पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. लिली स्टेला पूर्ती वह संचालन एमपीडब्ल्यू मिथलेश दुबे ने की। मौके पर प्रभारी डॉ. लिली ने बताया कि फाइलेरिया मुक्ति अभियान 10 से 25 अगस्त तक चलाया जायेगा। उम्र और लंबाई के हिसाब से दवा खिलाना है। स्वास्थ्य कर्मी खुद दवा खिलायेंगे। कहा कि फाइलेरिया का दवा खिलाने के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मी के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाया जायेगा। दवा देना नहीं है बल्कि स्वास्थ्य कर्मी की निगरानी में दवा खिलाना है। अभियान की सफलता को सुपरवाइजर लगाये जा रहे हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. लिली ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है जिसकी वजह से हाथ, पांव का फुलना व हाइड्रोसील का बड़ा हो जाता है। रोगियों का उपचार ऑपरेशन से संभव है। फाइलेरिया ग्रसित रोगी शेष जीवनकाल तक बीमारी से ग्रसित रहते हैं एवं सामाजिक उपेक्षा का शिकार हो जाते है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिला एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं देना है। समाज में इस रोग के प्रति लापरवाही एवं अनभिज्ञता ज्यादा है जिससे यह रोग भयावह हो जा रहा है। 10 अगस्त को आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, विद्यालय व अन्य सार्वजनिक स्थान पर बूथ बनाया गया है। खाली पेट में दवा नहीं खाना है। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी राजेंद्र कुमार ने फाइलेरिया बीमारी से संबंधित समुचित जानकारी दी।


## CHANGE OF DATE OF BIRTH

I, Prabhat kumar Bhaskar, S/o Sri Sukhlal Paswan, M/o Rita Kumari. Address- Hanuman Nagar, Road No.-1, Baralota, Po-G.L.A. College Daltonganj, Palamu, Jharkhand Declare That in the School Record of Prabhat Kumar Bhaskar his date of Birth is 20/10/2007 Which is wrong. His correct Date of Birth is 20/10/2008.

**Affidavit No.-2188 Date 03/05/2023.**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

पत्रांक 1300/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक–08.08.2023

रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं॰–RDD/SD/CHATRA/11/2023-24 जिसका PR No.-303093 द्वारा ग्रुप संख्या–01 में वर्णित Residual Work of Training Hall cum Skill Centre at Chatra को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.304320 Rural Development(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल गुमला

नोटिस प्रेस विज्ञप्ति
(आवश्यक सूचना)

एतद् द्वारा संवेदक मॉ गायत्री बिल्डकॉन प्रा0 लि0, MIG D110,Harmu housing colony, Argora, Ranchi, 834002 को सूचित करते हुए कहना है कि राज्य संपोषित योजनान्तर्गत नेश्नल हाईवे(नियर चमराटोली) से भण्डरिया ल0–04.000 कि0मी0 के संपादन हेतु अपका एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि दिनांक 01.06.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 31.08.2020 थी। आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में पूरी तरह से शिथिलता बरती जा रही है। अनेकों बार दिये गये निर्देशों के बावजुद आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई रूचि नहीं लिया जा रहा है। कार्य पिछले कई महिनों से बन्द है, एवं आज तक अपूर्ण है। जो अत्यन्त खेदजनक है। इस कार्यालय के क्रमशः पत्रांक 15 दिनांक 07.01.2020, पत्रांक 412 दिनांक 03.06.2021 एवं पत्रांक 1191 दिनांक 07.07.2023 द्वारा भी आपको यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने की दिशा में सार्थक पहल करने हेतु निदेश दिया गया है। परन्तु अब तक कार्यस्थल पर कार्य पुनः प्रारम्भ नहीं किया गया है। जो आपके कार्य के प्रति उदासिनता को दर्शाता है।

अतः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने की दिशा में पूनः कार्य योजना एवं शपथ पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करें, अन्यथा समझा जाएगा की आपको कार्य करने में कोई रूचि नहीं है, एवं आपके निबंधन को डीबार/काली सूची में डालने हेतु उच्चाधिकारियों को अनुशंसा कर दी जाएगी।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.304369 Rural Work Department(23-24):D

## जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, गढ़वा।
(जिला समाज कल्याण शाखा)
awc12.monitoring@gmail.com

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023–24 में समाज कल्याण विभाग द्वारा गढ़वा जिला में संचालित 1330 ऑगनबाड़ी केन्दों में निबंधित 03–06 वर्ष के बच्चों कों गर्म पोशाक (Winter Uniform Hoodie) का क्रय/आपूर्ति निर्धारित दर पर प्राप्त करने हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबन्द निविदा दिनांक–29.08.2023 को आपराह्न 01:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा में आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित समय तक प्राप्त निविदा कराने हेतु प्राप्त आवंटन से गढ़वा जिला अन्तर्गत 9 परियोजनाओं में आपूर्ति हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्ता/संस्थान/निर्माता से मुहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित समय तक प्राप्त निविदा 29.08.2023 को अप0 03:00 बजे जिला स्तरीय क्रय/निविदा समिति के समक्ष गढ़वा समाहरणालय के सभाकक्ष में खोला जाएगा जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि अपने गर्म पोशाक (Winter Uniform Hoodie) के नमूने के साथ भाग लेगे ।

–: सामग्री का विवरण :–

| सामग्री का नाम | विशेष विवरणी / Specification | | दर |
|---|---|---|---|
| गर्म पोशाक Winter Uniform Hoodie 03–06 वर्ष के बच्चो के लिए | Sweater Quality | Unisex | प्रति गर्म पोशाक Winter Uniform Hoodie 200 से अधिक नही होना चाहिए। सभी दर कर/GST सहित |
| | Colour | Maroon | |
| | Material (Blend Composition) | Acrylic-100%(±2) | |
| | Yarn | High bulk Yarn | |
| | Neck Type | Hoodie | |
| | Sleeve | Full regular sleeve | |
| | Weight | 225 gm & above | |
| | Shrinkage or elongation on Washing (Max) | 4% Better | |
| | Colour Fastness to Light | 4% Better | |
| | Colour Fastness to Washing | Change in colour 3 or Better Stain on Adajacent Fabric 3 or Better | |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता अधोहस्ताक्षरी को संबोधित निविदा तकनीकि बीड़ एवं वित्तीय बीड़ अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा में दिनांक–29.08.2023 के अपराहन 01:00 बजे तक हाथो–हाथ/निबंधित ड़ाक या स्पीड़ पोष्ट के माध्यम से जमा कर सकते है।

नोटः– उक्त निविदा से संबंधित शर्ते एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट एवं गढ़वा जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 304324 Welfare(23-24)D

उपायुक्त,गढ़वा।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/12/2023-24

डी0एम0एफ0टी0 मद अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-Procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप॰ सं॰ | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गिद्धौर | पंचायत–गिद्धौर, ग्राम–मंझगाँवॉ में गड़के नदी पुल से सरहेता स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 62,48,600.00 | 1,25,000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 2 | पत्थलगडडा | पंचायत–सिंघानी, ग्राम–पत्थलगडडा में सिंघानी मुख्य द्वारा से छात्रावास तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 22,64,200.00 | 45,500.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –18.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –24.08.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 25.08.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 26.08.2023 के अपराहन 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम से निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 304363 Rural Development (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-09/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखण्ड अन्तर्गत मुर्कीतोड़ार जाने वाले पथ में कोयल (बांकी) नदी पर पुल निर्माण। | 5,00,89,817.00 | 10,01,800.00 | 10,000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 11.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.08.2023 से दिनांक 17.08.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 18.08.2023 (शुक्रवार) अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) जिला नियंत्रण कक्ष, लोहरदगा।
   ii) जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
   iii) e-Procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा, राँची
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाश संख्या :– 9934523795
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत/अन्य अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 304396 Lohardaga(23-24)#D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण कृष्ण पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 11 अगस्त 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-296 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

दिशा पाटनी से ब्रेकअप के बाद टाइगर श्रॉफ की... पेज 10 पर



नेशनल गतका प्रतियोगिता

## पलामू में ऑटो चालक की बेटी ने जीता डबल गोल्ड

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑटो चालक की बेटी अनामिका मेहता ने नेशनल गतका प्रतियोगिता में डबल गोल्ड जीतकर झारखंड और पलामू जिले को गौरवान्वित किया है। 4 से 6 अगस्त तक आयोजित नेशनल गतका चैंपियनशिप में दो गोल्ड मेडल जीत कर राष्ट्रस्तर पर पलामू का नाम रोशन किया है। पलामू जिले के पोखराहा खुर्द निवासी अनिल मेहता की पुत्री अनामिका मेहता ने असम में आयोजित नेशनल गतका चैंपियनशिप में दो गोल्ड मेडल अपने नाम किये हैं। अनामिका के पिता अनिल मेहता ऑटो चलाते है। वहीं मां सुनीता देवी गृहणी है। 12 साल से ऑटो चलाकर घर और परिवार को चला रहे पिता बेटी की इस सफलता बहुत खुश है। पिता का सपना है की अब बेटी देश के लिए मेडल लाए। पलामू जिला गतका अध्यक्ष सह कोच सुमित वर्मन ने कहा कि सबसे सुनहरा पल तब रहा जब अनामिका ने पहला गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उस समय तक झारखंड को एक भी मेडल नहीं आए थे। इस खेल में तीन खिलाड़ी चार गोल्ड मेडल, चार खिलाड़ी सिल्वर मेडल और तीन ब्रॉन्ज मेडल लेकर आए है। वहीं पलामू से 13 खिलाड़ी इस खेल में भाग लेने गए थे। गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस खेल में देश भर से खिलाड़ी शामिल हुए थे। नेशनल गेम में जाना अपने आप में बड़ी बात होती है। झारखंड से 110 खिलाड़ी इस खेल में भाग लिए थे। यह खेल असम राज्य अंतर्गत गुवाहाटी शहर के इंद्रागांधी इंडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय नेशनल गतका चैंपियनशिप बतौरआयोजित किया गया। इस खेल में झारखंड राज्य धनबाद जिला से 72 खिलाडियों ने भाग लिया। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आज (गुरुवार) जन्मदिन है। मुख्यमंत्री आज 48 साल के हो गये हैं। हेमंत सोरेन का जन्म 10 अगस्त, 1975 को रामगढ़ जिला के नेमरा में हुआ था। हेमंत सोरेन झामुमो के सुप्रीमो सह झारखंड अलग आंदोलन में अग्रिम भूमिका निभाने वाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र हैं। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर राज्य के कई नेताओं ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देते हुए भगवान से उनकी अच्छी सेहत खुशी और दीघार्यु रहने की प्रार्थना की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की मंगल कामना करता हूं।

**राजनीतिक सफर :** हेमंत सोरेन ने 2003 में छात्र राजनीति में कदम रखा। फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे झारखंड छात्र मोर्चा के अध्यक्ष बने। इसके बाद पहली बार उन्होंने 2005 में दुमका विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। पर स्टीफन मरांडी से हार गये। इसके बाद पहली बार 23 दिसंबर 2009 को दुमका से वर्तमान विधानसभा के लिए विधायक चुने गए थे। हेमंत सोरेन अपनी इच्छा नहीं, बल्कि परिस्थितिवश राजनीति में आए हैं। हेमंत सोरेन के बडे. भाई दुर्गा सोरेन की अचानक मृत्यु हो गई थी और पिता शिबू सोरेन का स्वास्थ्य कुछ ठीक नहीं चल रहा था। इस वजह से हेमंत सोरेन की राजनीति में प्रवेश हुई। हेमंत सोरेन साल 2009 में ही संसद के उच्च सदन राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए लेकिन जनवरी 2010 में उन्होंने सांसद के पद से इस्तीफा दे दिया और राज्य की अर्जुन मुंडा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद साल 2013 में पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने थे लेकिन उनका कार्यकाल दिसंबर 2014 तक ही चला, जिसके बाद हेमंत सोरेन ने बीते पांच सालों में पार्टी के अंदर अपनी पकड़ बनाई और वह दूसरी बार 29 दिसंबर, 2019 को राज्य के पांचवें मुख्यमंत्री के तौर पर झारखंड के मुख्यमंत्री बने और अभी तक वह राज्य का कमान संभाल रहे हैं।

**कहां से की पढ़ाई :** हेमंत सोरेन की शुरूआती शिक्षा बोकारो सेक्टर-4 स्थित सेंट्रल स्कूल से हुई। स्कूल में दोस्तों के बीच वह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

आदिवासी महोत्सव- 2023 के समापन समारोह के अवसर पर बोले सीएम

## आदिवासियों का अस्तित्व नहीं होने देंगे खत्म

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** मुझे इस बात का गर्व है कि मैं एक आदिवासी मुख्यमंत्री हूं। आज देश की सवा सौ करोड़ की आबादी में तेरह करोड़ आदिवासी हैं। इन आदिवासियों की आईडेंटिटी बरकरार रखने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को झारखंड आदिवासी महोत्सव- 2023 के समापन समारोह के अवसर पर अदिवासियतः एक जीवन शैली को लेकर आयोजित परिचर्चा में अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सभी आदिवासी समुदायों को कनेक्ट करने का प्रयास कर रही है। इन्हें विकास से जोड़ा जा रहा है। सरकार में ऐसे कई निर्णय लिए हैं, जिनसे आदिवासियों को एक अलग आईडेंटिटी मिल रही है।

**ट्राइबल आईडेंटिटी की तलाश अभी भी जारी :** ट्राइबल आइडेंटिटी क्या है ? इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्राइबल आईडेंटिटी की तलाश अभी भी जारी है। झारखंड राज्य की उत्पत्ति भी ट्राइबल आइडेंटिटी के साथ हुई है। लेकिन, आज भी यह अपनी वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं। एकीकृत बिहार और अलग झारखंड राज्य बनने के बाद कभी भी आदिवासी महोत्सव का आयोजन नहीं हुआ। लेकिन, हमारी सरकार पिछले दो वर्षों से आदिवासी महोत्सव का आयोजन कर रही है। इसका मकसद आदिवासी पहचान को आगे बढ़ाना है। देश की सवा सौ की आबादी में 13 करोड़ आदिवासियों की पहचान मिटाने की साजिश चल रही है , लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। आदिवासियों की आदिकाल से अलग पहचान रही है और आगे भी बनी रहेगी।

**सरना अलग धर्म कोड के लिए संघर्ष जारी रहेगा :** अलग सरना कोड से आदिवासियों को क्या हासिल होगा? इस प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में जो आदिवासी समुदाय रहते हैं, उन्हें कुछ तो अलग पहचान मिलनी चाहिए। इतिहास में जो आदिवासियों की अलग जगह है, उसे क्यों समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है? इस पर हमें गंभीर मंथन करने की जरूरत है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### दुकान में लगी आग, होटल का कर्मचारी जिंदा जला

**रांची।** रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र के जगन्नाथ चौक के पास एक दुकान में आग लगने की वजह से पुरुलिया का एक कारीगर जिंदा जल गया। मृतक धुर्वा के ही एक होटल का कर्मचारी था। रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र में एक दुकान में आग लगने की वजह से पुरुलिया के रहने वाले कारीगर बबलू महतो की दर्दनाक मौत हो गई। बबलू महतो होटल में मिठाई और दूसरे तरह के व्यंजन बनाने का काम किया करता था।

### जमीन घोटाले में ईडी ने प्रेम प्रकाश को प्रोडक्शन रिमांड पर लिया

**रांची।** ईडी ने रांची में जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में सत्ता के गलियारे में चर्चित रहे प्रेम प्रकाश को प्रोडक्शन रिमांड पर लिया है। अवैध खनन केस में जेल में बंद प्रेम प्रकाश को ईडी ने अब इस केस में आरोपी बना दिया है। प्रेम प्रकाश से ईडी ने इस केस में तीन व चार अगस्त को रांची जेल में जाकर पूछताछ की थी। ईडी ने पीएमएलए कोर्ट को जानकारी दी है कि प्रेम प्रकाश के पास जानकारी थी कि रांची में फर्जी कागजात तैयार कराने वाला गिरोह है।

### माओवादियों का टॉप लीडर प्रमोद मिश्र सहयोगी के साथ गिरफ्तार

**रांची।** भाकपा माओवादी संगठन के पोलित ब्यूरो मेंबर और टॉप लीडर्स में से एक प्रमोद मिश्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसपर झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश में नक्सली वारदातों के दर्जनों मामले दर्ज हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा सहित कई राज्यो में नक्सली संगठनों के विस्तार में उसका अहम रोल रहा है। उसने झारखंड-बिहार की सीमा पर गया जिले में किसी ठिकाने पर पनाह ले रखी थी। इसके कुछ महीने पहले तक वह झारखंड के सारंडा इलाके में सक्रिय था। बिहार के गया जिले की पुलिस ने उसे उसके एक सहयोगी अनिल यादव के साथ पकड़ा है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की गई है।

### यौन शोषण मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** लव जिहाद और यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर की जमानत याचिका खारिज हो गई है। गुरुवार को अपर न्याययुक्त दिनेश कुमार ने जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया। रांची पुलिस ने तनवीर को 14 जून को बिहार के अररिया से गिरफ्तार किया था। इस मामले में रांची पुलिस ने पीड़िता का आठ जून को कोर्ट में 164 का बयान दर्ज और मेडिकल टेस्ट कराया था। बिहार के भागलपुर जिले की रहने वाली इस युवती ने मॉडलिंग के नाम पर रांची के तनवीर पर यौन शोषण करने और जबरन धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था।

लोकसभा में गिरा विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव, 2024 में बीजेपी तोड़ेगी रिकार्ड

# मोदी ही फिर आयेंगे, देश को क्लियर हो गया?

## मणिपुर प्रधानमंत्री के लिए हिन्दुस्तान नहीं है : राहुल गांधी, विपक्ष का वॉक आउट

### हारा विपक्ष का अविश्वास

### अविश्वास पर प्रहार, सकते में विपक्ष

**नई दिल्ली ।** मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी गठबंधन (आईएनडीआईए) की ओर से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में गिर गया। अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से गिरा, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बोलने के दौरान ही विपक्षी दलों के सदस्य सदन से बर्हिगमन कर गए थे। इस बीच कांग्रेस के नेता सदन अधीर रंजन चौधरी को सदन की कार्यवाही से उनके व्यवहार के खिलाफ विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिया गया। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का उत्तर देने के दौरान चौधरी बार-बार प्रधानमंत्री के भाषण के बीच में हस्तक्षेप कर रहे थे। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री को भगोड़े आर्थिक अपराधी से भी जोड़ने की कोशिश की। उसी दौरान संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने उन्हें अपने शब्द वापस लेने को कहा लेकिन वे नहीं माने। प्रधानमंत्री के भाषण के बीच में विपक्षी दलों के सदस्य नारे लगाते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। विपक्ष मणिपुर पर प्रधानमंत्री से बोलने की मांग कर रहा था। प्रधानमंत्री के भाषण के अंत में पेश अविश्वास प्रस्ताव भी विपक्ष की अनुपस्थिति में ध्वनिमत से गिर गया। इसके बाद अध्यक्ष ने भाजपा सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के व्यवहार पर सवाल उठाया। इस पर विरेन्द्र सिंह मस्त ने अध्यक्ष से माफी मांगते हुए कहा कि वे अपने नेता की बुराई सहन नहीं कर पाए थे। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस से नेता सदन लगातार मंत्रिगण और प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान हस्तक्षेप कर रहे थे। वे बिना किसी तथ्य के आरोप लगाते रहते हैं। वे प्रस्ताव करते हैं कि उनका विषय सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए। साथ ही जब तक विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट और सिफारिशें मिल नहीं जातीं, उन्हें सदन से निलंबित रखा जाए। इस प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से अनुमोदित कर दिया।

**पीएम मोदी ने क्या कहा-**

पीएम मोदी ने 2018 में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा था कि विपक्ष 2023 में भी अविश्वास प्रस्ताव लाएगा। अब पीएम मोदी ने एक बार फिर 2024 के चुनाव में जीत के सारे रिकॉर्ड तोड़ने का दावा किया है और कहा है कि विपक्ष 2028 में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगा।

**तीसरी बार सरकार बनेगी तो हम दुनिया की तीसरी इकोनॉमी बनेंगे :** ये वो लोग हैं, जिन्हें देश के सामर्थ्य पर विश्वास नहीं है। हमारी सरकार के अगले टर्म में यानी तीसरे टर्म में भारत दुनिया की तीसरी टॉप अर्थव्यवस्था होगा। ये जिम्मेदार विपक्ष ऐसे में पूछता कि मोदीजी, निर्मलाजी, ये कैसे करोगे। ये भी मुझे सिखाना पड़ रहा है। यहां वो कुछ सुझाव दे सकते थे या कहते हम चुनाव में जनता के बीच जाकर बताएंगे कि ये तीसरे की बात करते हैं और हम एक पर लेकर आएंगे।

**परिवार के बाहर का पीएम मंजूर नहीं :** दरबारवाद के कारण इन्होंने कितने ही महान लोगों को तबाह कर दिया। जो दरबारी नहीं थे, उनके पोर्ट्रेट तक पार्लियामेंट में लगाने से इन्हें झिझक थी। 1991 में उनके पोर्ट्रेट सेंटर हॉल में तब लगे, जब भाजपा समर्थित गैर कांग्रेसी सरकार सामने आई। नेताजी के पोर्ट्रेट 1978 में हॉल में लगे, तब जनता पार्टी की सरकार थी। शास्त्री और चरण सिंह का पोर्ट्रेट 1993 में गैर परिवार की सरकार में लगा।





### अधीर रंजन ने क्या कहा



कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने वॉकआउट करने को लेकर कहा, "मणिपुर के मुद्दे पर आज भी पीएम 'नीरव' ही बने रहे। 'नीरव' रहने के चलते मैंने सोचा कि नया नीरव मोदी देखने का क्या फायदा। इनके दरबारी सारी बात कह चुके हैं। पीएम मोदी जो दोहराते हैं वो ही बात उनके दरबारी कह चुके हैं।" उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी को कांग्रेस का डर सताता है। अविश्वास प्रस्ताव गिरना पहले से क्यों तय था? विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव पहले से गिरना तय था क्योंकि बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पास बहुमत है।

### राहुल गांधी ने कहा



अपने 35 मिनट के भाषण में कहा था- हमारे प्रधानमंत्री आज तक मणिपुर नहीं गए। उनके लिए मणिपुर हिंदुस्तान नहीं है। मैं रिलीफ कैंप गया। महिलाओं-बच्चों से बात की। पीएम आज तक नहीं गए क्योंकि उनके लिए मणिपुर हिंदुस्तान नहीं है। सेना एक दिन में वहां शांति ला सकती है। आप ऐसा नहीं कर रहे हो, क्योंकि आप हिंदुस्तान में मणिपुर को मारना चाहते हो। आप भारत माता के रखवाले नहीं, आप भारत माता के हत्यारे हो।

### विपक्ष के प्रयास से संसद में आने को मजबूर हुए पीएम मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि विपक्ष के प्रयास से प्रधानमंत्री मोदी संसद में आने के लिए मजबूर हुए हैं। इसी लिए हम लोगों (इंडिया घटक दल के) ने मिलकर लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। कांग्रेस के लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे अविश्वास प्रस्ताव के कारण आज संसद में प्रधानमंत्री मोदी आने को मजबूर हुए। यह हमारे प्रयास की जीत है। हम मणिपुर के लोगों को न्याय दिलाने के लिए ऐसा कर रहे थे। गोगोई ने कहा कि हम उनसे (प्रधानमंत्री) से सवाल पूछना चाहते हैं कि उन्होंने मणिपुर में हुई हिंसा को लेकर अभी तक क्यों नहीं कुछ कहा और राज्य के मुख्यमंत्री को पद से क्यों नहीं हटाया? गोगोई ने कहा कि मणिपुर हिंसा को 100 दिन से अधिक हो गए। इतने दिन तक प्रधानमंत्री इसे नजरअंदाज करते रहे। देश के एक हिस्से को जलता छोड़ वह घूमते रहे। आज इंडिया ने उन्हें सदन में बोलने के लिए मजबूर कर दिया है। उल्लेखनीय है कि आज प्रधानमंत्री विपक्ष की ओर से पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में अपनी बात रख रहे थे लेकिन कांग्रेस सहित इंडिया घटक दलों ने संसद से वॉकआउट किया। जिसके बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष में सच सुनने की क्षमता नहीं है।

**देश के लिए यह समय बेहद अहम :** हम सब ऐसे टाइम पीरियड में हैं, चाहे हम हों या आप... ये टाइम पीरियड बेहद अहम है। कालखंड जो गढ़ेगा, उसका प्रभाव इस देश पर आने वाले 1000 साल तक रहने वाला है। इस कालखंड में हम सबका दायित्व है, एक ही फोकस होना चाहिए कि देश का विकास, सपने पूरे करने का संकल्प, सिद्ध करने के लिए जी-जान से जुटना।

**नेहरू ने असम को उसके हाल पर छोड़ा था :** दूसरी घटना 1962 में रेडियो प्रसारण हुआ। आज भी शूल की तरह नॉर्थ-ईस्ट को चुभ रहा है। देश पर चीन का हमला था, देशवासी रक्षा की उम्मीद कर रहे थे, लोग हाथों से लड़ाई लड़ रहे थे। दिल्ली के शासन में बैठे हुए नेहरू ने असम के लोगों के लिए जो कहा था, वो आज भी असमियों के लिए नश्तर की तरह चुभता है। उन्होंने असम को उसके भाग्य पर छोड़ दिया था।

**मणिपुर में फिर शांति का सूरज उगेगा :** मणिपुर में अदालत का एक फैसला आया, हम जानते हैं। उसके पक्ष-विपक्ष में जो स्थितियां बनी, हिंसा का दौर शुरू हुआ, परिवारों ने अपने स्वजन खोए, महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए, ये अक्षम्य हैं, दोषियों को सजा दिलवाने के लिए केंद्र-राज्य मिलकर प्रयास कर रहे हैं। मैं सभी देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि जो कोशिशें चल रही हैं, निकट भविष्य में शांति का सूरत जरूर उगेगा। मणिपुर फिर नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। मैं मणिपुर के लोगों से भी कहना चाहता हूं, बेटियों-माताओं-बहनों से कहना चाहता हूं कि देश और सदन साथ है।



### 1963 के बाद 27 बार अविश्वास प्रस्ताव पर हुई वोटिंग

| प्रस्ताव लाने वाले का नाम | प्रस्ताव किस पीएम के खिलाफ लाया गया | अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग | प्रस्ताव के पक्ष में वोट | प्रस्ताव के खिलाफ वोट |
|---|---|---|---|---|
| जेबी कृपलानी | जवाहर लाल नेहरू | 22 अगस्त 1963 | 62 | 347 |
| एनसी बनर्जी | लाल बहादुर शास्त्री | 18 सितबर 1964 | 50 | 307 |
| एसएन द्विवेदी | लाल बहादुर शास्त्री | 16 मार्च 1965 | 44 | 315 |
| एमआर मसानी | लाल बहादुर शास्त्री | 26 अगस्त 1965 | 66 | 318 |
| एचएन मुखर्जी | इंदिरा गांधी | 4 अगस्त 1966 | 61 | 270 |
| यूएम त्रिवेदी | इंदिरा गांधी | 7 नवंबर 1966 | 36 | 235 |
| अटल बिहारी वाजपेयी | इंदिरा गांधी | 20 मार्च 1967 | 162 | 257 |
| मधु लिमये | इंदिरा गांधी | 24 नवंबर 1967 | 88 | 215 |
| बलराज मधोक | इंदिरा गांधी | 28 फरवरी 1968 | 75 | 205 |
| कुंवर लाल गुप्ता | इंदिरा गांधी | 13 नवंबर 1968 | 90 | 222 |
| पी राममूर्ति | इंदिरा गांधी | 20 फरवरी 1969 | 86 | 215 |
| मधु लिमये | इंदिरा गांधी | 29 जुलाई 1970 | 137 | 243 |
| ज्योतिर्मय बसु | इंदिरा गांधी | 22 नवंबर 1973 | 54 | 251 |
| ज्योतिर्मय बसु | इंदिरा गांधी | 10 मई 1974 | वॉइस वोट से प्रस्ताव खत्म | — |
| ज्योतिर्मय बसु | इंदिरा गांधी | 25 जुलाई 1974 | 63 | 297 |
| ज्योतिर्मय बसु | इंदिरा गांधी | 9 मई 1975 | वॉइस वोट से प्रस्ताव खत्म | — |
| सीएम स्टीफन | मोरारजी देसाई | 11 मई 1978 | वॉइस वोट से प्रस्ताव खत्म | — |
| वाईवी चौहान | मोरारजी देसाई | 12 जुलाई 1979 | पक्ष में बहुमत, सरकार गिरी | — |
| जॉर्ज फर्नांडिस | इंदिरा गांधी | 9 मई 1981 | 92 | 278 |
| समर मुखर्जी | इंदिरा गांधी | 17 सितंबर 1981 | 86 | 297 |
| एचएन बहुगुणा | इंदिरा गांधी | 16 अगस्त 1982 | 112 | 333 |
| सी माधव रेड्डी | राजीव गांधी | 11 दिसंबर 1987 | वॉइस वोट से प्रस्ताव गिरा | — |
| जसवंत सिंह | पीवी नरसिम्हा राव | 17 जुलाई 1992 | 225 | 271 |
| अटल बिहारी वाजपेयी | पीवी नरसिम्हा राव | 21 दिसंबर 1992 | 111 | 336 |
| अजय मुखोपाध्याय | पीवी नरसिम्हा राव | 28 जुलाई 1993 | 251 | 265 |
| सोनिया गांधी | अटल बिहारी वाजपेयी | 19 अगस्त 2003 | 189 | 314 |
| केसिनेनी श्रीनिवास | नरेंद्र मोदी | 20 जुलाई 2018 | 135 | 330 |

# स्वस्थ मसूड़ों का रंग हल्का गुलाबी होना चाहिए : डॉ. पंकज पाठक



**नवीन मेल से बातचीत में बोले, मसूड़ों की बनावट या उसके रंग में किसी भी तरह के बदलाव का मतलब यह हो सकता है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है**

**नवीन मेल संवाददाता। केतार** मसूड़ों का स्वस्थ होना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि शरीर का अन्य कोई हिस्सा। हालांकि यह मसूड़ों की बदनसीबी है कि उनके बारे में सबसे कम चर्चा की जाती है। यही वजह है कि बहुत कम ही लोगों को हेल्दी गेम्स के बारे में जानकारी होती है और वह समस्या को गंभीर होने से बचा पाते हैं।

उक्त बातें दंत चिकित्सक डॉ पंकज पाठक ने राष्ट्रीय नवीन मेल से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बहुत कम लोग ही जानते हैं कि मसूड़ों का रंग उनके स्वास्थ्य का संकेत देते हैं। शरीर के बाकी हिस्सों का स्वास्थ्य सीधे तौर पर मौखिक स्वास्थ्य की स्थिति से संबंधित है। मसूड़ों की बनावट या उसके रंग में किसी भी तरह के बदलाव का मतलब यह हो सकता है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। डॉ. पंकज पाठक ने बताया कि स्वस्थ मसूड़ों का रंग हल्का गुलाबी होना चाहिए और वह फुले होना चाहिए। उसमें कोई ब्लीडिंग नहीं होना चाहिए। सफेद या गहरा रंग किसी तरह का ब्लीडिंग या उनका बैंगनी रंग होना मसूड़ों का बीमारी या संक्रमण का एक लक्षण हो सकता है।

# मुख्य बाजार से दानरो नदी तक घरों का हुआ सत्यापन



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई** डंडई से पनघटवा डैम तक बनाए जा रहे काली कारण सड़क में पड़ रहे भूस्वामी के घरों का गुरुवार को सत्यापन किया गया।

अंचलाधिकारी चोनाराम हेम्ब्रम अंचल निरीक्षक राजेंद्र यादव, राजस्व कर्मचारी इंडेश्वर बैठा व अमीन की संयुक्त कार्रवाई के दौरान गुरुवार के दिन डंडाई मुख्य बाजार से यादव टोला होते दानरो नदी तक दाएं और में बने सभी घरों का सत्यापन करने का काम किया गया। इस बीच अधिकारियों के द्वारा भू अर्जन विभाग से प्राप्त नक्शा व गुनिया के सहयोग से घरों का सत्यापन किया गया। वहीं सत्यापन के दौरान कई भूस्वामी के घरों के अंदर तक सड़क की भूमि पड़ने पर उनके बीच काफी नाराजगी देखी गई। मामले को लेकर लोग जगह जगह पर इकट्ठा होकर उस बाबत आपस में बात विचार करना शुरू कर दिए। मौके पर अंचलाधिकारी ने कहा कि भू अर्जन विभाग से प्राप्त नक्शा के अनुसार भूस्वामी के घरों का सत्यापन करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले दिन डंडई मुख्य बाजार से यादव टोला होते दानरो नदी तक दाहिने तरफ जितने भी भूस्वामियों के घर निर्मित हैं, का सत्यापन करने का काम किया गया।

उसके बाद अगले दिन बाईं ओर भी भूस्वामी के द्वारा बनाए गए घरों का सत्यापन किया जाएगा। अंचलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क के दोनों तरफ सत्यापन कार्य पूर्ण हो जाने के बाद इसकी लिखित रिपोर्ट भूअर्जन विभाग को दे दी जाएगी। मौके पर पवन प्रसाद, सुमित कुमार, छोटू कुमार, अमित कुमार, अविनाश कुमार, मंसूर अंसारी, सच्चिदानंद प्रसाद इत्यादि उपस्थित थे।

## मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने एक साथ तीन थाना भवनों का किया उद्घाटन, कहा-

# सरकार की सोच, आधारभूत संरचना मजबूत हो




**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** प्रखंड मुख्यालय स्थित चिनिया थाना भवन का उद्घाटन झारखंड सरकार के स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने उद्घाटन किया। वहीं रंका और खरौंधी के थाना भवनों का भी यहीं से ऑनलाइन उद्घाटन किया। तीनों भवन साढे छह करोड़ रुपये की लागत से बने हैं। मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर, पलामू प्रक्षेत्र के महा निरीक्षक राजकुमार लकड़ा और गढ़वा पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा मौजूद रहे।

मंत्री ने कहा कि चिनिया के विकास में नया अध्याय जुड़ गया है। चिनिया जैसे दुर्गम प्रखंड में थाने का अपना भवन नहीं था। एक समय था जब यह नक्सलवाद से ग्रसित क्षेत्र था। ऐसे में यहां काम करना पुलिस के लिये बड़ा कठिन कार्य होता था। यह थाना भवन सभी सुविधाओं से युक्त होगा। पुलिस की कार्य क्षमता में निखार आएगा तथा पुलिसकर्मी नए जोश एवं उमंग के साथ आम लोगों की सेवा करेंगे। अब यहां के लोगों को परेशानी नहीं होगी। सरकार की सोच है कि आधारभूत संरचना मजबूत हो। सरकार का उद्देश्य है कि अपराधी पुलिस की नजर से नहीं बच सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रखंड, पंचायत को सक्षम बनाना है। अंतिम पंक्ति के लोगों को सुविधा मिल सके इसके लिये इंटरनेट से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसके बाद सभी समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने धरातल पर कार्य नहीं किया था। हमारी सरकार आधारभूत संरचनाओं को प्रमुखता से विकसित कर रही है।

उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि सरकार द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह जनमानस के लिए कल्याणकारी और शांति और सुकून दे रहा है। सरकार ज्यादा से ज्यादा विकास के लिए कार्य कर रही है। कई गवर्नमेंट बिल्डिंग बन रहे हैं। 50 प्रतिशत पंचायत भवन को वाईफाई किया जा रहा है। राज्य सरकार की सोच को धरातल पर लाने के लिए सारा इंफ्रास्ट्रक्चर को डेवलप किया जा रहा है जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने संबोधित किया। वहीं पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने कहा कि गढ़वा पुलिस के लिए आज खुशी का दिन है। चिनिया, रंका एवं खरौधी थाना भवन का उद्घाटन किया जा रहा है। 1993 में चिनिया को पिकेट बनाया गया था7 2002 में ओपी एवं 2009 में थाना बनाया गया था। अभी जल संसाधन विभाग के बिल्डिंग में थाना चलाया जा रहा था। वहीं रंका 1883 में थाना अधिसूचित हुआ था। रंका को भी अब नया भवन मिल गया है। खरौधी 2009 में थाना अधिसूचित किया गया था अब वहां भी नया भवन मिल गया है। इससे आम लोगों एवं पुलिस कर्मियों को काफी सुविधा होगी। सरकार द्वारा पुलिस को सशक्त किया जा रहा है। जिले में 18 थानों में कांडी को छोड़कर लगभग सभी को नया थाना भवन मिल गया है। पुलिसकर्मी अब संवेदन के साथ नई ऊर्जा के साथ सेवा देंगे।

इस मौके पर एसडीएम राम नारायण सिंह, डीएसपी संतोष कुमार, इंस्पेक्टर रामजी महतो, बीडीओ कालिदास मुंडा, सीओ निषात अंजुम, थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार, 20 सूत्री के जिला उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, झामुमो के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, झामुमो के अरविंद यादव, मनोज ठाकुर, छोटू सिंह खरवार, समाजसेवी मोहम्मद फरीद तथा प्रखंड से आए हुए पंचायत प्रतिनिधि व सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## खरौंधी थाने को मिला अपना भवन, मंत्री ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** खरौंधी थाना भवन का उद्घाटन सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने चिनिया से ऑनलाइन उद्घाटन किया। इसके पश्चात पंडित अलखनाथ दूबे ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नवनिर्मित थाना भवन में प्रवेश कराया। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि थाना भवन के निर्माण पर 2 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत आयी है। इस दौरान थाना प्रभारी अभय कुमार, बीडीओ गणेश महतो, प्रमुख आभा रानी, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, उपाध्यक्ष मिथलेश राम, वरिष्ठ भाजपा नेता बसंत यादव, रामकृपाल द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, सीआई मोजिब खान, एसआई सोनू कुमार, पंकज कुमार, सुरेंद्र दूबे, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, कूपा मुखिया प्रमोद राम, शिवकुमार यादव, आलोक सिन्हा, उमेश जायसवाल, रामनाथ मेहता, गोरखनाथ चौधरी, कृष्णा साह, देवबंश गुप्ता, कृष्णा राम, सतीश राम, संतोष सिंह, शशि पासवान, अशोक ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिये कई दिशा निर्देश

**कहा, अगले तीन वर्षों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की वार्षिक आय को एक लाख तक करने का लक्ष्य**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** समाहरणालय गढ़वा के सभागार में आज उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति के प्रथम त्रैमासिक (2023-24) की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इसके उपरांत उपायुक्त ने गढ़वा जिला अंतर्गत सभी बैंकों का सीडी रेशियो, वार्षिक साख योजना (एसीपी) 2023-24, केसीसी, पीएमईजीपी, एमएसएमई, पीएमएफएमई, महिला लखपति किसान योजना, आरसेटी, फिनांसियल इनक्लूजन समेत अन्य योजनाओं एवं विषयों को लेकर गहन समीक्षा की गई एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु कई आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त द्वारा बैंकों को सीडी रेशियो बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि गढ़वा जिले के 189 पंचायतों में स्वयं सहायता समूह के चयनित और प्रशिक्षित सदस्य को बीसी प्वाइंट का अधिष्ठापन कराया जाना है, जिले में ऐसे 186 सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और जिन्होंने इस से संबंधित आईआईबीएफ की परीक्षा भी पास कर ली है। उक्त सभी बीसी सखी को पंचायतों में बीसी पॉइंट खोलने के लिए सभी बैंक को सहयोग करने हेतु उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया। जिससे पंचायतों में बीसी प्वाइंट खोला जा सके।

बैठक में महिला लखपति किसान योजना पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अगले 3 वर्षों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की वार्षिक आय को एक लाख तक करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे लेकर उपायुक्त ने उपस्थित बैंक के प्रतिनिधियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा डिस्टिक लाइवलीहुड पोटेंशियल मैपिंग में चिन्हित विभिन्न आजीविका गतिविधियों को प्राथमिकता देने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर चल रही योजनाओं को चिन्हित कर महिला लखपति किसान पहल से जोड़ने एवं जिला स्तर पर उपलब्ध विभिन्न स्रोतों से ट्रेनिंग एवं क्रेडिट की उपलब्धता सुनिश्चित कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को लाभ देने संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। बैठक में आरसेटी के तहत गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के एनुअल एक्टिविटी रिपोर्ट (वार्षिक गतिविधि प्रतिवेदन) का विमोचन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, माननीय सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि समेत डीडीएम नाबार्ड, लक्ष्मण कुमार, आरबीआई एलडिओ, अखुण्डल सोरेन, जिला अग्रणी प्रबंधक एके मांझी, आरसेटी प्रभारी इंदु भूषण लाल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पलामू सह गढ़वा, जिला कृषि पदाधिकारी, शिवशंकर प्रसाद, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी संजीव सिंह आदि उपस्थित रहे।

# फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक में उठायी मांगें

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक डिपुआ मोहल्ला स्थित विवेक कुमार कश्यप के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमकार चौधरी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा दिए गए कथित संवैधानिक बयान के खिलाफ 12 अगस्त को पुतला दहन सह विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। बैठक में फार्मासिस्ट के पूरे राजभर में बहाली निकालने, सभी प्रमंडल में फामेर्सी कॉलेज खोलने और उसमें पठन-पाठन शुरू करने, प्रमंडल स्तर पर खोले गए फामेर्सी कॉलेजों में शिक्षकों की बहाली निकले, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में फार्मासिस्ट की बहाली निकालने, बिना फार्मासिस्ट के चल रहे मेडिकल को अभिलंब बंद करने की मांग की गयी। बैठक में फार्मासिस्ट एसोसिएशन के संगठन मंत्री पीयूष राज, जिला अध्यक्ष ओमकार चौधरी, उपाध्यक्ष विवेक कुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष शशि भूषण कुमार, कार्यकारी सदस्य मनीष तिवारी, मीडिया प्रभारी अभिमन्यु पाठक, सुमित कुमार, सचिव शैलेंद्र कुमार, मुख्तार अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बारिश से घर क्षतिग्रस्त, बेघर हुआ दीनानाथ डोम

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह पंचायत के कधवन गांव निवासी दीनानाथ डोम का मिट्टी का झोपड़ीनुमा घर बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके कारण पूरा परिवार बेघर हो गया है। दीनानाथ डोम ने बताया कि किसी तरह अपना परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। आवास निर्माण करने में सक्षम नहीं हूं। फिलहाल दीनानाथ डोम सपरिवार तिरपाल बांधकर उसके नीचे रहने को विवश हैं। डोम ने मुखिया और बीडीओ से आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। मुखिया बसंती देवी ने सरकारी स्तर पर आवास दिलाने का आश्वासन दिया।

# झंडोत्त्तोलन की समय सारणी की गयी निर्धारित

**बीडीओ की अध्यक्षता में हुयी बैठक में स्वतंत्रता दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों पर हुयी चर्चा**

**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न कार्यालयों संस्थानों में झंडोत्तोलन के लिए समय निर्धारित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रमुख दीपा कुमारी ने की। निर्धारित समय के अनुसार प्रखंड कार्यालय में सुबह 8:00, विशुनपुरा थाना में 8:25, राज राजेन्द्र प्रताप देव उच्च विद्यालय 8:45, विशुनपुरा अस्पताल 9:05, पिपरी कला प्लस टू विद्यालय व राजकीय मध्य विद्यालय विशुनपुरा 9:20, वनांचल ग्रामीण बैंक 9:30, सभी पंचायत भवन 10:00, सरकारी गैर सरकारी विद्यालय 10:00 बजे, बीआरसी 10:15 झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया। बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष सलेंद्र देव, बीपीएम मोनिका दोड्राय, बीपीओ मनोज कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, पंकज सिंह, प्रवीण यादव, बीडीसी भरदुल चंद्रवंशी, जितेंद्र दीक्षित, भुनेश्वर राम सहित प्रखंड व अंचल कर्मी शामिल थे।

# झामुमो की सरकार आदिवासियों की पूरी तरह से हितैषी : मिथिलेश



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि देश में आदिवासियों की आबादी से साढ़े आठ प्रतिशत से अधिक है, फिर भी उन्हें पूरा हक एवं अधिकार नहीं मिल पा रहा है। राजनीतिक दल सिर्फ वोट बैंक के रूप में आदिवासियों का इस्तेमाल करते हैं। वे सत्ता में आते ही आदिवासियों को भूल जाते हैं। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर गढ़वा में आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव में मंत्री ठाकुर बोल रहे थे। मंत्री ने कहा कि झारखंड में झामुमो की सरकार आदिवासियों की पूरी तरह से हितैषी है। राज्य में आदिवासियों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ आदिवासी परिवार को मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार आदिवासियों, मूल वासियों एवं झारखंड वासियों के हित में बेहतर कार्य कर रही है। राज्य में आदिवासियों, मूलवासियों को उनका पूरा हक एवं अधिकार मिले इसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## शिविर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में हुआ 85 छात्राओं का स्वास्थ्य जांच

# आई फ्लू होने पर लें चिकित्सकीय परामर्श : डॉ. कुलदेव



**नवीन मेल संवाददाता। रमकंडा** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, रमकंडा में 85 छात्राओं का स्वास्थ्य जांचा गया, जिसमें अधिकतर आई फ्लू से पीड़ित बच्चे मिले। इसके अलावा सर्दी, खांसी, बुखार, पेट दर्द, सिर दर्द, चर्म रोग आदि की समस्या से भी ग्रस्त थे। आई फ्लू को कंजक्टिवाइटिस और पिंक आई के नाम से भी जाना जाता है। दूसरे शब्दों में इसे आंख आना कहते हैं।

स्वास्थ्य जांच कर रहे चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुलदेव चौधरी ने कहा कि आई फ्लू एक तरह से आंखों का संक्रमण होता है, जिसमें आंख लाल होना, आंखों में दर्द और सूजन जैसी समस्याएं होती है। यह बीमारी संक्रमण के कारण होती है और यह संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से फैल सकता है। आमतौर पर धूल, मिट्टी, गन्दगी की वजह से आंखों में एलर्जी होती है, जिसके कारण आई फ्लू जैसी बीमारियां फैलती है। यह बरसात के मौसम में ज्यादा होती है, क्योंकि इस मौसम में नमी, जलजमाव और गंदगी ज्यादा देखने को मिलती है और वातावरण में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में आंखों के सफेद भाग का कंजक्टिवा में सूजन आ जाती है और आंखें लाल हो जाती है। आई फ्लू के मुख्य लक्षण में आंख लाल होना, आंख में दर्द होना, सूजन होना, आंखों से पानी आना, आंखों में खुजली की समस्या, आंखों से ज्यादा कीचड़ आना, सुबह नींद खुलने पर आंखों का चिपकना आदि होता है क डॉ चौधरी ने कहा कि आई फ्लू एक संक्रामक बीमारी है, इसके लक्षण दिखने पर आपको काउंटर से दवाओं का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए बल्कि किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर डॉक्टर से परामर्श लें। ऐसे में डॉक्टर आपको एंटीबायोटिक दवाएं और आई ड्रॉप देते हैं। साथ में जो गंभीर रूप से संक्रमित होते हैं, उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सक से इलाज कराना चाहिए। इस समस्या को कम करने के लिए आप हॉट और कोल्ड कंप्रेस उपयोग कर सकते हैं। घर से बाहर निकलते समय चश्मा जरूर पहनें। आंख धोने के लिए गुलाब जल का प्रयोग करें, इससे संक्रमण का खतरा कम होता है। गाजर और पालक दोनों आंखों को स्वस्थ रखने के लिए फायदेमंद होते हैं। आप गाजर को नियमित रूप से ज्यादा खाएं और पालक के जूस का सेवन कर सकते हैं। मेडिकल टीम में डॉ मो. इश्तेयाक, लैब टेक्नीशियन मंजुल अंसारी, बिपिन कुमार के साथ वार्डन कांति कुमारी, शिक्षिका सुमन अग्रवाल, धीरजमणि लकड़ा, नीलम सरोज लकड़ा, विनीता कच्छप, प्रियंका कुमारी, दीपशिखा टोप्पो, विद्यलय स्वास्थ्य मंत्री ऋषिका मिंज आदि उपस्थित थे।

## चेचरिया के राजकीय मध्य विद्यालय में 311 छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ संतोष कुमार, डॉ कैसर आलम, एएनएम कुमारी नीलम लता ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी विस्तार से दी। शिविर में विद्यालय के 311 छात्र छात्राओं का गहन स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, रामलाल मिश्रा, मीरा कुमारी, खुशदिल सिंह, आफताब आलम, अनिता कुमारी, शशि कुमारी, सुधा कुमारी, अनूप ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बचरा में गुरुवार को विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत वर्ग 6 से वर्ग 8 तक के किशोर किशोरियों की शारीरिक विकास, किशोरियों में माहवारी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर चर्चा की गई। इस संबंध में छात्र छात्राओं को बताया गया कि जो भी समस्याएं हो वे शिकायत पेटी में लिखित डाल सकते हैं। अपना सुझाव भी दे सकते हैं। समाज में आज व्याप्त बुराई दहेज प्रथा बाल विवाह, सड़क सुरक्षा, मानव तस्करी, साइबर सुरक्षा से बचाव संबंधित चर्चा की गई। मुख्य रूप से प्रभारी बबीता कुमारी, सहायक अध्यापक भीम प्रजापति, ललिता श्रीवास्तव छात्रा अंशु कुमारी, शिवानी कुमारी, नंदनी, मुन्ना कुमार, छोटू कुमार सहित कई छात्र छात्रा मौजूद थे।

# मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा को लेकर धारा 144 लागू

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 का आयोजन दिनांक 13 अगस्त को जिले के विभिन्न अनुमंडलों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया जाना है। परीक्षा को देखते हुए परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी गयी है। परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगी। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर यह निषेधाज्ञा लागू की गयी है।

# घायल अवस्था में मिली महिला पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के खनवा गांव में सड़क पर एक अज्ञात महिला घायल अवस्था में पड़ी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना था कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर महिला घायल हुई है। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को अपने वाहन से इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दी है। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यदि कोई व्यक्ति इस घायल महिला को पहचानते हैं तो मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचकर महिला से मुलाकात की जा सकती है। वहीं घटना के बाद से पुलिस भी अज्ञात महिला के परिजनों की तलाश में जुड़ गई है।

## NEWS इन ब्रीफ

### महासभा की बैठक में सदस्यता ग्रहण

**मेदिनीनगर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रेड़मा स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कार्यालय में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा पलामू जिला परिषद की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता फेकन उरांव एवं संचालन उमेश सिंह चेरो ने किया। जिसमें सर्वप्रथम देश के अंदर आजादी के लड़ाई में शहीद हुए वीर नायकों बिरसा मुंडा, नीलांबर-पीतांबर, फुलो-झानों, सुभाष मुंडा एवं पार्टी के जिला कमेटी सदस्य अलाउद्दीन अंसारी के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक सभा की गयी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह व भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद रूचिर कुमार तिवारी ने बैठक को संबोधित किया। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा की बैठक में दो प्रस्ताव, जिसमें मणिपुर और हरियाणा के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग है, लिये गये। सभा को संचालित करते हुए सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरों ने कहा कि हम आदिवासियों की इज्जत आबरू मोदी जी के राज में खतरे में है ऐसी स्थिति में सरकार सचेत नहीं हुई तो आदिवासियों को उलगुलान करने के लिए तीर कमान उठाना होगा। मौके पर फेकन उरांव, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, भोला सिंह, गणेशाराम गणेश राम, जीतन उरांव, राजदेव उरांव, शिवनाथ कोरबा, कामेश्वर सिंह, राजदेव उरांव, आलोक कुमार तिवारी, सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक के बाद सरवन चौधरी, प्यारी चौधरी, राजू चौधरी, उपेंद्र कुमार यादव सहित कई लोगों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# सदर अस्पताल से चोरी हुई बाइक बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में गुरुवार की दोपहर 12:00 बजे के करीब अज्ञात तीन चोरों ने सदर अस्पताल कैंपस में लगे जेएच 0 3 क्यू 3825 पैशन एक्स प्रो मोटरसाइकिल की चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा गांव निवासी उज्जवल दुबे गुरुवार की दोपहर 12:00 अपने पुत्री का इलाज कराने के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचे थे। इस बीच वह अपना बाइक अस्पताल कैंपस में लगाये और अपने बेटी का इलाज कराने अस्पताल के अंदर चले गये। अस्पताल से इलाज करा कर जब वह अपने वाहन के पास पहुंचे तो देखा कि बाइक नहीं है। इसके बाद वह अपने बाइक को अस्पताल कैंपस में सभी जगह खोजबीन किये। इसके बाद भी बाइक का अता पता नहीं चला। भुक्तभोगी ने इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान शारीक इरशाद,संतन कुमार, इसरार सदर अस्पताल पहुंचकर सुपरिटेंडेंट ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। जांच के उपरांत तीन चोर सीसीटीवी में गाड़ी चोरी करते देखे गए। वही बाइक चोरी होने की घटना के बाद से पुलिस अज्ञात चोरों की खोजबीन में जुड़ गई है।वही टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवानों के सफल प्रयास से सदर अस्पताल से चोरी हुई बाइक बरामद हो गई है। बताते चले की गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे तीन चोरों ने सदर अस्पताल से एक बाइक की चोरी कर फरार हो गए थे। बाइक चोरी होने के बाद टाइगर मोबाइल के जवानों द्वारा चोरों को पकड़ने के लिए शहर के चारों और तलाश की जा रही थी।

### उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की

# जिले में अवैध खनन व परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें: डीसी

**बगैर रजिस्ट्रेशन के ट्रैक्टर का संचालन कर रहे वाहन मालिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाय : डीसी**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक कर कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सभी अनुमंडल पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सभी सीओ व थाना प्रभारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनिज परिवहन में लिप्त वाहन एवं उनके मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करें और थाना प्रभारी अवैध खनन और भंडारण के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करें । उन्होंने हरिहरगंज थाना प्रभारी से अवैध रोकथाम को लेकर विशेष चौकसी बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि बगैर रजिस्ट्रेशन के ट्रैक्टर का संचालन कर रहे वाहन मालिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाये। इसके साथ ही उन्होंने एमभीआई को पूरी तन्मयता के साथ वाहनों की जांच करने हेतु निर्देशित किया। मौके पर एसपी रिष्मा रमेशन,वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह एवं एसडीओ समेत सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, 2023 का उद्घाटन

# स्वास्थ को दें पहला स्थान : रामानंद पाठक




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड मेदिनीनगर पलामू के सभागार कक्ष में गुरूवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, 2023 का उद्घाटन संयुक्त रूप से सदर मेदिनीनगर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक, एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत ने दीप प्रज्वलित कर किया। 20सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने कहा कि एमडीए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के दौरान दी जाने वाली फलेरिया रोधी दवाएं परजीवीयों को समाप्त करने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि फलेरिया संक्रमित मच्छर के काटने से होता है। इससे बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास पानी का भराव ना होने दें और साल में एक बार फलेरिया रोधी दवाई जरुर खाएं। मजबूत प्रतिरोधक क्षमता प्रणाली एवं स्वस्थ शरीर के लिए अच्छा आहार आवश्यक होता है। उन्होंने यह भी कहा कि सदर प्रखंड के सभी पंचायतों के स्वास्थ केंद्रों पर विशेष अभियान के तहत 10 अगस्त से 25 अगस्त तक सभी घरों में फलेरिया रोधी दवाएं मुफ्त में दी जाएंगी। हाथी पाँव यानि फाइलेरिया रोग कई तरह से गंभीर है। अगर गांव स्वस्थ रहेगा तभी हमारा देश स्वस्थ रहेगा। बीडीओ अमिताभ भगत ने कहा कि फाइलेरिया बिमारी फाइलेरिया संक्रमिण्त मच्छरों के काटने से फैलती है। ये मच्छर फ्युलेक्स एवं मैनसोनाइडिस प्रजाति के होते हैं। जिसमें मच्छर एक धागे समान परजीवी को छोड़ती है। यह परजीवी हमारे शरीर में प्रवेश कर जाता है 'प्रत्येक मादा वयस्क फाइलेरिया परजीवीन नर कृमि से जुड़ने के बाद, लाखो सूक्ष्मफाइलेरिया नामक भ्रूणों की पीढ़ियों को जन्म देती है, जो बाह्य रक्त में विशेषकर रात्रि में, बड़ी संख्या में प्रभावित होते रहते हैं। हाथ-पैर, अंडकोष व शरीर के अन्य अंगों में सुजन के लक्षण होते हैं। प्रारंभ में या सूजन अस्थायी हो सकता है, किन्तु बाद में स्थायी और लाइलाज हो जाता है। उद्घाटन समारोह के उपरांत 20 सूत्री उपाध्यक्ष एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी की समक्ष दवा का सेवन किया बाद में उपस्थित सभी लोगों ने दवा लिया ' बैठक समारोह में मुख्य रूप से 20 सूत्री समिति के सदस्य सह कांग्रेस रळ जिला अध्यक्ष जतरू उरांव, प्रेम प्रकाश ठाकुर ,गरिमा साहनी ,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रवीण उरांव ,स्वास्थ्य बीपीएम तदाशा, बीडीएम सुबोध कुमार, सीडीपीओ, एवं समस्त प्रखंड सह अंचल कर्मी मौके पर उपस्थित थे ।

## शक्ति ने आजसू पार्टी छोड़कर झामुमो का दामन थामा

**मेदिनीनगर।** झामुमो कार्यलय में आजसू जिला उपाध्यक्ष शक्ति सिंह आजसू छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामे। झामुमो पलामू के राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने उन्हें पार्टी का अंग वस्त्र दे कर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा शक्ति सिंह का झामुमो में स्वागत है, इनके आने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। आज हेमंत सोरेन की लोकप्रियता हर घर में है, हमारी सरकार सबों के हित का ख्याल रखती है। भाजपा और आजसू सिर्फ बांटने के राजनीति करना जानती है, झामुमो जोड़ना जानती है। नकारात्मक राजनीति करने वाली पार्टियों को जनता समझ चुकी है, आज सकारात्मक सोच और हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता को मिल रहा है। जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, संगठन सचिव अनुराग प्रताप सिंह और नगर सचिव छोटू त्रिपाठी ने भी माला पहनाकर शक्ति सिंह का पार्टी में स्वागत किया।

## 'मेरी मिट्टी, मेरा देश' को लेकर संग्रहित की गई गांव की मिट्टी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** सरकार द्वारा संचालित मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत गुरुवार को चैनपुर विभिन्न प्रखंडों से मिट्टी को संग्रहित किया गया। इससे संबंधित पंचायत के मुखिया व जनप्रतिनिधियों ने आस्था पूर्वक कलशों में मिट्टी संग्रहित किया । इसे प्रखंड कार्यालय पहुंचाया गया। वहां से सभी कलशों को जिला कार्यालय में सौंप दिया गया। इधर मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर सभी पंचायतों में बैठक आयोजित की गई। इसमें स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया व विकास संबंधित चर्चा हुई। इसके अलावा अभियान को सफल बनाने पर पर बल दिया गया। चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिवर मिंज ने बताया कि सभी पंचायतों में अमृत वाटिका लगाई जाएगी।इसमें सभी तरह के 75 पौधों का रोपण किया जाएगा। साथ ही शिलापट्ट लगाई जाएगी। अभियान को सफल बनाने में पंचायतों के सभी मुखिया, बीपीओ,

## रबर डैम निर्माण को ले युवा कांग्रेस करेगी अनशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय कांग्रेस भवन में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता मणिकांत सिंह तथा प्रदेश सचिव अभिषेक तिवारी गुरूवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मणिकांत ने कहा कि मेदिनीनगर में कोयल नदी पर रबर डैम निर्माण को ले कर हर संघर्ष के लिए हम प्रतिबद्ध हैं तथा आगामी 17 तारीख को कचहरी परिसर में एकदिवसीय अनशन से इसकी शुरूआत करेंगे। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मेदिनीनगर पेयजल आपूर्ति योजना फेज 2, जिसके द्वारा 192 करोड़ की लागत से लगभग 25 हजार घरों को पानी का कनेक्शन दिया जायेगा, के लिए जलस्त्रोत कोयल नदी को चुना गया है। किंतु हालिया वर्षों में कोयल नदी की वास्तविक स्थिति और जल उपलब्धता क्या है और वर्तमान जल कनेक्शन के लाभुकों को कितने दिन पानी मिल पाया इस बात से शहरवासी अनभिज्ञ नहीं हैं। इस शहर को अवश्यंभावी पलायन से बचाने का प्रथम और अंतिम तार्किक समाधान कोयल नदी को बांधना ही है।

# एनपीयू की विशेष सिंडिकेट बैठक प्रभारी कुलपति की अध्यक्षता में संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने आज विशेष सिंडिकेट की बैठक अध्यक्षता की ।इस विशेष सिंडिकेट की बैठक अंग्रेजी विभाग के शिक्षक डॉक्टर नरेंद्र कुमार सिंह के लिए ही थी। डॉक्टर सिंह इस समय पेट के कैंसर से जूझ रहे हैं। झारखंड लोक सेवा आयोग ने डॉ सिंह को वरिय ग्रेड लेक्चरर बनाने के लिए अनुशंसा कर चुकी थी। डॉ सिंह को इस अनुशंसा का लाभ तब तक नहीं मिल सकता जब तक झारखंड लोक सेवा आयोग की यह अनुशंसा सिंडिकेट से पास नहीं हो जाती। डॉक्टर शांडिल्य ने इस सिलसिले में राजभवन को एक चिट्ठी प्रेषित की ओर विशेष सिंडिकेट की बैठक बुलाने के अनुमति मांगी ।राजभवन ने कैंसर से पीड़ित शिक्षक के मामले को काफी गंभीरता से लिया और मानवीय सहायतार्थ उद्देश्य से प्रभारी कुलपति को अनुमति दे दी के वह विशेष सिंडिकेट की बैठक को बुला सकते हैं। डॉक्टर शांडिल्य ने कहा राजभवन से अनुमति प्राप्त होने ने के बाद वह इस विशेष सिंडिकेट के बैठक को 8 अगस्त को रखा था लेकिन महा महिमा के प्रोग्राम में साथ होने के कारण 8 अगस्त की ये विशेष सिंडिकेट की बैठक 10 अगस्त को की गई ।डॉक्टर सिंह को वरिय लेक्चरर ग्रेट में प्रोन्नति दे दी गई इससे उन्हें अब अच्छा खासा आर्थिक लाभ सैलरी के रूप में मिलेगा। डॉक्टर सिंह के साथ दो और शिक्षक भी इस विशेष सिंडिकेट की बैठक से लाभान्वित हुए। यह दो शिक्षक है डॉ सुनील कुमार सिंह और डॉक्टर छाया चटर्जी डॉ सुनील कुमार सिंह इस समय अंग्रेजी विभाग में पीजी हेड हैं जबकि डॉक्टर छाया चटर्जी जो राजनीतिक विभाग में योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में थी उनकी मृत्यु 3 वर्ष पूर्व ही हो चुकी है।

## झामुमो युवा मोर्चा ने बच्चों के बीच मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के जन्मदिन के अवसर पर गुरूवार को झामुमो युवा मोर्चा ने बच्चों को खेल सामग्री, उपहार स्वरूप दे कर जन्मदिन मनाया। पोलपोल स्थित बुनियादी स्कूल में युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन सचिव आशुतोष विनायक ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो नेता अभिषेक सिंह मौजूद थे। प्राचार्य दिनेश शुक्ला और सभी शिक्षकों ने भी मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की बधाई दी और युवा मोर्चा के इस कदम का स्वागत किया। बच्चों ने भी हर्ष के साथ मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाए दी। सन्नी शुक्ला व झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। आशुतोष विनायक ने बताया 'बच्चे ही भविष्य में किसी राज्य और देश को आगे ले जाते हैं, इनका मानसिक और शारीरिक विकास होना बहुत जरूरी है।

# 30 अगस्त से 100 बेड के नये अस्पताल में भर्ती होंगे मरीज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडलीय अस्पताल एमआरएमसीएच के आइसीटीसी सेंटर में बुधवार को फाल्स सिलिंग गिरने के बाद जिले के नवनियुक्त उपायुक्त शशि रंजन ने गुरूवार को अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान ने उपायुक्त ने अस्पतालकर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। साथ ही 100 बेड वाले अस्पताल भवन की निर्माण एजेंसी ज्योति इंफ्राटेक को हिदायत दी कि 25 अगस्त तक हर हाल में इस बिल्डिंग की साफ सफाई कर हैंडओवर किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि 30 अगस्त रक्षाबंधन के दिन 100 बेड के अस्पताल में मरीज रहने लगेंगे। न्यू बिल्डिंग और पुराने बिल्डिंग को रैम से जोड़ा जायेगा, जिससे ओटी के मरीजों को आने जाने में परेशानी नहीं होगी। इसके अलावा उपायुक्त ने कई वार्डों में फैली गंदगी देखकर नाराजगी व्यक्त की और सफाई एजेंसी को फटकार लगाई। उपायुक्त ने शिशु वार्ड में गंभीरता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया और क्षमता के अनुसार बच्चों को रखने की बात कही। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में सिविल सर्जन के अलावा डा. अनिल श्रीवास्तव, हॉस्पिटल अधीक्षक आरके रंजन, डीपीएम दीपक कुमार, डा. अनूप, बाला के सुपरवाइजर एवं अन्य लोग उपस्थित थे। जिले के सिविल सर्जन डा. अनिल सिंह ने बताया कि अस्पताल निरीक्षण के दौरान उपायुक्त का व्यवहार बेहतर रहा। उन्होंने कई मामलों में सर्पोट किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि इसके बीच में एक पेड़ है, उसे हटाने के लिए वन विभाग को सूचित किया जायेगा। नये अस्पताल भवन के बगल में पुराना क्वाटर है, जो कंडेम घोषित हो चुका है। नगर निगम को पत्र लिखकर भवन को गिराया जायेगा और वहां पर वाहन पार्किंग बनाई जायेगी, ताकि नये भवन में भर्ती होने वाले मरीज और उनके परिजनों को वाहन लगाने में सुविधा हो सके। मौके पर सिविल सर्जन डा. अनिल सिंह ने कहा कि ब्लड कम्पोनेंट संप्रेषण यूनिट लगाने के लिए तैयारी चल रही है। नये अस्पताल भवन के चालू हो जाने के बाद पुराने में इस यूनिट को स्थापित करने की योजना है।

**बैठक** | उपायुक्त ने ऑनलाइन की आपूर्ति विभाग की समीक्षा

# अभियान चलाकर बनेगा सभी कार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड : डीसी

**डीएसओ ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले में किए गए खाद्य वेतन की जानकारी दी**

**राशन का डिस्ट्रीब्यूशन समय पर करवाने पर बल दिया**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से आपूर्ति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में आपूर्ति कार्यालय द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कार्यों यथा राशन कार्ड वितरण, एनएफएसए वितरण, पीवीटीजी डाकिया योजना, आदि योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की। बैठक में डीएसओ प्रीति किस्कु ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले में किए गए खाद्य वेतन की जानकारी दी। उन्होंने राशन का डिस्ट्रीब्यूशन समय पर करवाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जो अहर्ता नहीं रखते हैं बावजूद राशन कार्ड का लाभ ले रहें हैं ऐसे सभी कार्डधारियों को चिन्हित करते हुए डीलीशन की जाये। उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी कार्डधारी हैं उन सभी का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा। इस कार्य हेतु एक विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस अवसर पर एनआईसी के सभागार में डीएसओ उपस्थित रहीं और सभी एमओ ऑनलाइन रूप से जुड़े रहे।

# बतख का पालन कर महिलाएं हो रही हैं आत्मनिर्भर : राधा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। उक्त बातें बतख वितरण कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहीं। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित पशु पालन चिकित्सा केंद्र सेन्हा में शिविर लगाकर पशु पालन विभाग के द्वारा जन प्रतिनिधियों के माध्यम से 14 बतख पालन लाभुको को मुख्यमंत्री पशु धन विकास योजना के तहत एक यूनिट बतख का वितरण मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के द्वारा 14 लाभुको के बीच वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि बतख की मांग काफी है और बतख नाली, तलाब, नदी से अपना पेट भर लेता है। इससे कम लागत में अच्छी आमदनी होती है। 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा कि सरकार जरूरतमंद को आगे लाने का प्रयास कर रही है और समय समय पर रोजगार को लेकर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, फूलझरी देवी, डॉ मनोज कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।



# डीसी ने मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन किया

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा गुरुवार को मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन किया गया। इसमें पाया गया कि कई मतदाताओं के अनुभाग (पता) में त्रुटि है। इस संबंध के संबंधित बीएलओ को प्रपत्र-08 भरे जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, सुपरवाइजर को भी अपने स्तर से वेरिफिकेशन सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। नगर परिषद क्षेत्र में न्यू आजाद बस्ती और बंगला बगीचा में मतदाता सूची के भाग संख्या 274 के पृष्ठ संख्या 351 से 390 तक का वेरिफिकेशन किया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, सिटी मैनेजर विजय कुमार संबंधित सुपरवाइजर, बीएलओ व निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।



# उपायुक्त ने नदिया स्थित तालाब की साफ-सफाई का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को जल संग्रह एवं सिंचाई की बैठक हुई। बैठक में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल लोहरदगा द्वारा स्वीकृत योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा प्रधानमत्री सूक्ष्म टपक सिंचाई योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य के आलोक में प्राप्त आवेदन की जानकारी दी गई।

उपायुक्त द्वारा जिला मत्स्य पदाधिकारी को नदिया स्थित तालाब की साफ-सफाई व मत्स्य पालन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिये गये। साथ ही, नंदिनी जलाशय में नौका योजना से संबंधित निदेश दिये गये। सुकरी जलाशय के लिए मत्स्य समिति का गठन किये जाने का निदेश दिया गया। प्रॉन फिश कल्चर को जिला में बढ़ावा दिये जाने व मत्स्यपालकों को इसके संबंध में जागरूक करने संबंधी निदेश जिला मत्स्य पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमण्डल लोहरदगा, जिला कृषि पदाधिकारी शिप पूजन राम, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, भूमि संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।




## 21 अगस्त तक बाकी मजदूरों का रेस्क्यू भी कराने का दिया भरोसा

# डालसा ने कई प्रदेशों से 43 मजदूरों को रेस्क्यू कराया

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा ने झालसा रांची के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए इस वर्ष अब तक उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल राज्य से कुल 43 मजदूरों को सफल रेस्क्यू कराया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि अभी - अभी पश्चिम बंगाल के हुगली जिला अंतर्गत बलरामपुर क्षेत्र में 34 मजदूर जो बी.बी.एफ. मार्क ईटा भट्ठा में काम करने गए थे, लेकिन उन सबको वहां बंधक बना लिया गया था। उन लोगों को ना तो उनके पैसों का भुगतान हो रहा था और ना ही ईंट भट्ठा मालिक उसे छोड़ने को तैयार था।

लोहरदगा डालसा को इसकी लिखित जानकारी ग्रामीण विकास श्रमिक समिति लिमिटेड के उदय प्रताप सिंह ने 20 जुलाई को दी थी। अविलंब इसकी जानकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल को देते हुए झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार यानी झालसा रांची को भी दी गई। निर्देशानुसार हुगली जिले के जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्रमिता घोष से समन्वय स्थापित कर उन बंधक मजदूर तक गुप्त तरीके से संपर्क स्थापित किया गया। उन 34 मजदूरों को हुगली जिला के बलरामपुर क्षेत्र में रखा गया था। उसे भंडारा लोहरदगा से सरदार बुधराम उरांव पिता सोमा उरांव के नेतृत्व में ले जाया गया था। हुगली जिले के पुलिस बल के सहयोग से अब तक 22 मजदूरों का सफल रेस्क्यू कराया गया है। छुड़ाये गए सभी मजदूरों को उनकी कुल बकाया राशि 6,11,548 रुपये का भुगतान भी ईंट भट्ठा मालिक द्वारा कराया गया। अभी तक रेस्क्यू कराए गए लोगों में शामिल हैं - मंगरी उरांव, कार्तिक उरांव, मंटी उरांव, रीना उरांव, शांति उरांव, पंछी उरांव, गीता उरांव, सुमति उरांव, विनोद उरांव, बिरसा उरांव, मोदन उरांव, बुधवा उरांव, आनंद उरांव, सुरेंद्र उरांव, वीरेंद्र उरांव, रघु उरांव, राजेंद्र उरांव, मंगलेश्वर उरांव, अनिल उरांव, सुनील उरांव, यीशु उरांव, एवं बरगी उरांव। सारे मजदूर भंडारा ब्लॉक के विभिन्न गांवों से ईंट भट्ठा में काम करने हुगली, पश्चिम बंगाल गए थे। बाकी बचे मजदूरों के रेस्क्यू कराने का काम भी किया जा रहा है। 21 अगस्त तक बाकी अन्य मजदूरों का रेस्क्यू भी उनके पारिश्रमिक मिलने के पश्चात करा दिया जाएगा।



# समाज को एकजुट करता है टूर्नामेंट : राधा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
विश्व आदिवासी दिवस पर तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट प्रखंड के बादुर डांड़ में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि यह दिवस झारखंड में अदिवासी समाज को एक रहने का अच्छा अवसर मिलता है, जिससे यहां के युवा वर्ग के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट करा कर आदिवासी समाज को साथ रखने का प्रयास किया जा रहा है। टूर्नामेंट में 32 टीमों का नामांकन लिया गया था। हवा हवा बंसरी और एस एस वी एम लोहरदगा के बीच फाइनल खेला गया। इसमें एस एस वी एम लोहरदगा विजय रहा। टूर्नामेंट को सफल बनाने में कमेटी के पप्पू कुमार, प्रदीप लोहरा, चन्द्रदेव मुंडा, सुरेंद्र, अरविंद, जितवाहन, पिंटू, पवन, राजेश, वार्ड पार्षद पुष्पा देवी, बालेश्वर उरांव, उप प्रमुख पॉल पन्ना सहित गण्यमान्य सदस्य शामिल थे।



## दादी से मारपीट का आरोपी पोता गिरफ्तार

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बरवाटोली में एक परिवार में आपसी विवाद में दादी-पोता में तू तू मैं मैं हुआ। इसपर पोता लोकेश महतो ने अपनी मसोमात दादी बीना देवी के सिर पर प्रहार कर जख्मी कर दिया। इसकी सूचना बेटी दामाद को मिलते ही बरवाटोली पहुंच घायल बीना देवी का निजी अस्पताल में इलाज करवाते हुए सेन्हा थाना को आवेदन के माध्यम से घटना को लेकर अवगत कराते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि आरोपी बरवाटोली निवासी स्वर्गीय राजेश महतो के पुत्र लौकेश महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया।

# सेन्हा से भक्तों का जत्था देवघर रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
प्रखंड के बूटी झखरा एवं अलौदी ग्राम के शिवभक्त गण बाबा नगरी देवघर में जलाभिषेक के लिए रवाना हुए। सभी कांवड़ियों का जय श्रीराम समिति के द्वारा जिले के सुभाष चौक स्थित देवी मंदिर प्रांगण में नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में साफा पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी भक्तों को फल देकर बाबा नगरी देवघर विदा किया गया। जय श्री राम समिति के जिला महामंत्री अजय साहू ने कहा लोहरदगा की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए सभी भक्तजन देवघर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ में जलाभिषेक करेंगे। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, जिला महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, नितेश जयसवाल, जिला सह- कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद नगर, अध्यक्ष दीपक साहू चंदन साहू, अकाश कुमार, दीपक साहू, बजरंग साहू, विष्णु कुमार, सूरज वर्मा, रितेश साहू, सुरेश रजक समेत काफी संख्या में जय श्री राम समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।



# एकल पाठशाला के बच्चों संग उपायुक्त ने रोपे पौधे



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा पाठशाला एजुकेशन ट्रस्ट के बच्चों के संग समाहरणालय परिसर स्थित बगीचे में पौधरोपण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने नीम का पौधा लगाया।

बच्चों के अभिभावकों द्वारा भी विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाये गये। उपायुक्त ने इस दौरान बच्चों से बातचीत की।

ट्रस्ट के संचालक सौरभ समीर ने बताया कि राजा बंग्ला में ट्रस्ट के द्वारा एकल पाठशाला का संचालन किया जाता है। इसमें स्ट्रीट वेंडर के बच्चों को कक्षा एक से छह के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है।

# अमृत काल के पंच प्रण कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गुरुवार को अमृत काल के पंच प्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखंड के सभी पंचायतों में हाथों में दीप और मिट्टी लेकर विकसित भारत के लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता, नागरिकों में कर्तव्य की भावना से संबधित शपथ ली गई।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा ने कि आजादी के अमृत काल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत 9 अगस्त से ही कार्यक्रम चालू है। 11 अगस्त को प्रत्येक गांव से मिट्टी पंचायत में संग्रह करना है। साथ ही पौधरोपण किया जाना है। 12 एवं 14 अगस्त को अमृत सरोवर के किनारे पौधरोपण किया जाना है। इसके बाद प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर कलश में मिट्टी संग्रहित करना है तथा जिला भेजना है। फिर कलश दिल्ली भेजी जाएगी। जहां पर कर्तव्य मार्ग पर वाटिका का निर्माण किया जाएगा। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली, सुमन उरांव, सुमित्रा उरांव, चंद्रमणि उरांव, अरविंद उरांव, श्रवण मुंडा, पंचायत सेवक गुहा उरांव, राजेश भगत, हिफजूल रहमान, नंदा भगत, सूरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, बजरंग उरांव, जोरावर खान, मुस्लिम अंसारी, बिपिन उरांव, राजू महली, सागर सोनी मौजूद थे।



# चार पंचायतों में हुआ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत गुरुवार को कुडू प्रखंड के चीरी, सुंदरू, बढकी चापी और सलगी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुडू बीड़ीओ मनोरंजन कुमार के नेतृत्व में पंचायतों में चलाए गए अभियान के दौरान पौधरोपण किया गया और मिट्टी कलश में एकत्रित कर प्रखंड मुख्यालय लाया गया।

कार्यक्रम में उप प्रमुख एनुल अंसारी, कुडू सीएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होरो, बीपीओ अरबिंद रौशन, विएलडब्ल्यू सुनील चंद्र कुंवर के अलावा संबंधित पंचायत के मुखिया, पसस, अध्यापकों, आंगनबाड़ी सहिया - सेविकाएं, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।



**अपराध** | बकरियों को दबोच बाइक पर बिठाकर चलते बनते हैं

# सेन्हा में बाइक सवार चोरों का आतंक

**किनेश साहू। सेन्हा**
सेन्हा में इन दिनों चोरो का आतंक बढ़ गया है। चोर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आते हैं और आसपास खुले में घूम रही बकरियों को धर दबोच अपनी बाइक पर बिठाकर चलते बनते हैं। चोर का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वेलोग चोरी करने के लिए रात्रि होने का इंतजार नहीं करते बल्कि दोपहर में ही घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही कुछ वाकया गुरुवार को देखने को मिला, जहां चोर घनी आबादी वाली बस्ती साहू मुहल्ला आंगन वाड़ी केंद्र समीप आते हैं और वहा पर घास चर रही बकरी को बाइक सवार चोर उसके गले की रस्सी को काट देते हैं और उसको बाइक पर बिठाकर ले जाने की कोशिश करते हैं। लेकिन उनकी कोशिशें नाकाम हो जाती है क्योंकि चोर बकरी को बाइक पर जैसे ही बिठाकर आगे बढ़ने लगते हैं उनका संतुलन बिगड़ जाता है। जिससे कारण बाइक सवार चोर गिर जाता है और बकरी भी भाग जाती है। तबतक हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग जुट जाते हैं जिसके कारण चोर बाइक लेकर भाग जाते हैं। ऐसा वारदात कुछ महीनों से हो रहा है। कुछ देर बाद बकरी के मालिक विजय साहू को सूचना मिल तो वह आकर जांच शुरू करने के उपरांत बगल में लगे सीसीटीवी फुटेज से तलासी लिया। जिसमे साफ चोरों के द्वारा खस्सी को चुराते नजर रहा है। यह तो गनीमत है कि खस्सी ने उसके चंगुल से दो बार भाग गया अन्यथा आज एक गरीब को हजारों का नुकसान हो जाता। ज्ञात हो कि इसी स्थान के समीप जे सी बी मशीन का बैटरी ओर ट्रैक्टर का पार्ट्स चोरी हुआ था लेकिन अभी तक इसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इससे साफ जाहिर है कि चोरों का कितना मनोबल बढ़ा हुआ है।



# शहीदों के गांव से माटी संग्रहण कर शपथ दिलायी गयी

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
मेरा माटी मेरा देश के तहत प्रखंड क्षेत्र के वीर शहीदों के गांव से माटी संग्रहन कर पंच शपथ दिलायी गयी। सरकार द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा प्रखंड क्षेत्र के मुकीतोड़ार पंचायत अन्तर्गत गोबरसेला ग्राम के वीर शहिद घामा उरांव और मुर्की ग्राम के मनी उरांव तथा झलजमीरा पंचायत अंतर्गत गगेया ग्राम के वीर शाहिद मनीजर उरांव के घर से माटी संग्रहण कर ग्रामीणों को पंच शपथ दिलायी गयी। वहीं बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के लिये प्राण न्योच्छावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिये मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिस तरह इस क्षेत्र के वीर सपुत देश के लिये प्राणों की बलि दे दिये उसी तरह आप भी देश के प्रति श्रद्धा विश्वास रखें और युवाओं को देश सेवा के प्रेरित करें। मौके पर बीपीओ निलेंद्र कुमार, मुखिया बंधन उरांव, जेनसेवक उमेश कुमार के अलावा नंदकिशोर शुक्ला, सोमा उरांव, मनमोहन साहु आदि ग्रामीण उपस्थित थे।



## NEWS इन ब्रीफ

### वित्त मंत्रालय ने सीमा शुल्क के नाम पर धोखाधड़ी से लोगों को किया आगाह

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने लोगों को भारतीय सीमा शुल्क के नाम पर पैसे ऐंठने वाले धोखेबाजों से बचने को लेकर बुधवार को आगाह किया। वित्त मंत्रालय ने कहा, ह्यह्य भारतीय सीमा शुल्क विभाग व्यक्तिगत बैंक खाते में सीमा शुल्क का भुगतान करने के लिए कोई फोन नहीं करता या एसएमएस (संदेश) नहीं भेजता है। मंत्रालय ने कहा, भारतीय सीमा शुल्क के सभी संचार में एक डीआईएन (डायरेक्टर आइडेंटिफिकेशन नंबर) होता है जो सीबीआईसी (केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड) की वेबसाइट पर मौजूद है और उसे वहां से सत्यापित किया जा सकता है।

### अमेजॅन ने 62 लाख से अधिक एमएसएमई को बनाया डिजिटल

रांची। अमेजॅन इंडिया ने भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के क्रम की गई अपनी घोषणाओं के बारे में जानकारी साझा की। अमेजॅन की ओर से बताया गया कि उसने 62 लाख (6.2 मिलियन) से अधिक सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को संचयी रूप से डिजिटलीकृत किया है, लगभग 8 बिलियन डॉलर के संचयी निर्यात को सक्षम बनाया है। और अब तक भारत में 13 लाख (1.3 मिलियन) से अधिक प्रत्यक्ष एवं परोक्ष नौकरियों का सृजन किया है। अमेजॅन ने 1 करोड़ (10 मिलियन) एमएसएमई को डिजिटल बनाने, 20 बिलियन डॉलर के संचयी निर्यात को सक्षम करने और 2025 तक भारत में 20 लाख (2 मिलियन) नौकरियां पैदा करने का वादा किया था। अमेजॅन इन वादों को पूरा करने की राह पर अग्रसर है। लगभग दो साल पहले, अमेजॅन ने डिजिटल इंडिया की संभावनाओं का द्वार खोलने के इच्छुक प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्टअप्स में निवेश करने के लिए 250 मिलियन डॉलर के अमेजॅन संभव वेंचर फंड की घोषणा की थी।

### टाटा के पास जाने के बाद भी एयर इंडिया चल रहा घाटे में

# अब नये रंग-रूप में आयेगी नजर, होगा बदलाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**



एयर इंडिया का घाटे से पीछा नहीं छूट पा रहा है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइ एयर इंडिया को वित्त वर्ष 2023 में बड़ा नुकसान हुआ है। टाटा संस की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, एयर इंडिया को 11,216.32 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। वहीं अगर राजस्व की बात करें तो इसने 37,928.70 करोड़ रुपये अर्जित किए हैं। समूह ने एयर इंडिया के पुराने विमानों पर 5,103 करोड़ रुपये का नुकसान उठाया है। वहीं एयर इंडिया की सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस एकमात्र प्रॉफिट कमाने वाली कंपनी रही है। वहीं एयर इंडिया की सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस एकमात्र प्रॉफिट कमाने वाली कंपनी रही है। वहीं अब जल्द ही एयर इंडिया नए रंग-रूप में सामने आने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 10 अगस्त को एक इवेंट में एयरलाइन अपने रीब्रांडिंग का ऐलान कर सकती है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 116.84 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हासिल किया है। जबकि अन्य समूह जैसे एयरएशिया इंडिया और विस्तारा ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान घाटा दर्ज किया है। एयर एशिया इंडिया ने वित्त वर्ष 22 में 2,178 करोड़ रुपये के मुकाबले 2,750 करोड़ रुपये का नेट लॉस दर्ज किया है। जबकि विस्तारा, जिसमें समूह की 51% हिस्सेदारी है, उसने पिछले वित्त वर्ष के 2,031 करोड़ रुपये के मुकाबले 1,393.34 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया।

टाटा समूह ने पिछले साल जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। टाटा समूह अपने एयरलाइंस पोर्टफोलियो को मजबूत कर रहा है। इसके तहत एयरएशिया इंडिया और एयर एक्सप्रेस को कम लागत वाली एयरलाइन बनाने के लिए विलय कर दिया जाएगा, जबकि विस्तारा को पूर्ण सेवा एयरलाइन के रूप में संचालित करने के लिए एयर इंडिया में विलय कर दिया जाएगा। संयुक्त इकाई ने इस साल की शुरूआत में 470 विमानों का ऑर्डर दिया है। उद्योग सूत्रों के मुताबिक, नए विमानों का कुल ऑर्डर मूल्य 30 अरब डॉलर के करीब है। एयरलाइन के ब्रांड कलर से लेकर लोगो तक बहुत कुछ बदलने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एयरलाइन के ब्रांड कलर, पायलट और क्रू के यूनिफार्म से लेकर कई चीजों में बदल जाएंगी। एयर इंडिया के ट्रेडिशनल लाल और सफेद रंग में अब विस्तारा का पर्पल रंग भी जुड़ सकता है। इसके साथ कोर्णाक सन वाला लोगो भी कुछ बदलाव के साथ पेश हो सकता है। एयर इंडिया का कई साल से मासकॉट रहे महाराजा को भी हटाया जाने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें पूरी तरह से अलविदा नहीं कहा जाएगा। महाराजा को एक नई भूमिका में एयरपोर्ट लाउंज और प्रीमियम क्लास में फिर से इस्तेमाल किया जा सकता है।

### टमाटर के बाद अब प्याज के दाम में आई तेजी

**नई दिल्ली।** मानसूनी बारिश से फसलों के बर्बाद होने के कारण देश बीते दो महीनों से टमाटर की कमी से जूझ रहा है, जिसके चलते टमाटरों के दाम 200 रुपए प्रति किलों से भी पार जा चुके हैं। महंगाई की मार झेल रहे लोगों को आगे आने वाले समय में इससे राहत मिलने की कोई उम्?मीद नहीं है क्योंकि टमाटर के बाद अब प्याज भी तेवर दिखाने वाला है। जानकारों की मानें तो साल में इन दिनों अक्सर प्याज के स्टॉक में गिरावट आती है। अगर यह जारी रहा तो प्याज के दाम बढ़ सकते हैं। पिछले चार महीनों में प्याज की कीमतें उचित बनी हुई हैं। अगस्त और सितंबर के महीने आमतौर पर कमजोर मौसम होता हैं। प्याज की अगली फसल अक्टूबर में होगी। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि प्याज की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर अगस्त के अंत में दिखने लगेगा। खुदरा बाजार में सितंबर की शुरूआत से प्याज की कीमतें 60 से 70 रुपए प्रति किलो तक पहुंच सकती हैं।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने लॉन्च किया इको-फ्रेंडली डेबिट कार्ड

**रांची।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक, बचत खाते वाले नए और मौजूदा, दोनों तरह के ग्राहकों के लिए इकोफ्रेंडली डेबिट कार्ड लॉन्च करने वाला पहला भारतीय बैंक बन गया है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक बैंकिंग लाइसेंस के साथ वृहद पैमाने पर काम करने वाली एकमात्र लाभदायक भारतीय फिनटेक कंपनी है। यह लॉन्च वित्तीय क्षेत्र में सतत विकास और इको-फ्रेंडली प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक, प्रमाणित इको-फ्रेंडली सामग्री, आर-पीवीसी से बने डेबिट कार्ड जारी करेगा, जो पर्यावरण की संरक्षण में सहायक सिद्ध होंगे। इस इको-फ्रेंडली सामग्री को अपनाने के साथ, एयरटेल पेमेंट्स बैंक पर्यावरण संरक्षण पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा ।
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा सूचना संख्या **RDD/SD/LOHARDAGA/E-07/2023-24** जिसका पी0 आर0 सं0 **PR 302206 (Lohardaga) 23-24*D** द्वारा प्रकाशित है। वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में Tender Reference Number DD/SD/LOHARDAGA/E-07/2023-24 (CONSTRUCTION OF HL RCC BRIDGE OVER KOEL (BAKI) RIVER ON MURKITODAR ROAD IN SENHA BLOCK LOHARDAGA DISTRICT) के **Cover No. 1** में तकनीकी भूलवश **Cover Type**-Fee/PreQual/Technical में अंकित **Document type .Xls** हो जाने के कारण प्रकाशित निविदा के ग्रुप संख्या 01 को स्थगित की जाती है।

निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
PR 304395 Lohardaga(23-24)D ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।


### मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी

# एसबीआई ने कमाई में छोड़ा पीछे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी है लेकिन प्रॉफिट के मामले में अब यह पिछड़ गई है। जून तिमाही में एसबीआई ने प्रॉफिट के मामले में मुकेश अंबानी की कंपनी को पीछे छोड़ दिया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने फाइनेंशियल ईयर 2024 की पहली तिमाही में 16,011 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है जबकि इस दौरान एसबीआई का प्रॉफिट 18,537 करोड़ रुपये रहा है। इसके साथ ही एसबीआई ने पिछली चार तिमाही में प्रॉफिट के मामले में भी रिलायंस को पीछे छोड़ दिया है। सितंबर 2022 से जून 2023 तक चार तिमाही में रिलायंस का मुनाफा 64,758 करोड़ रुपये रहा जबकि इस दौरान एसबीआई का प्रॉफिट 66,860 करोड़ रुपये रहा। बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक दशक में यह पहला समय है जब एसबीआई ने लगातार चार तिमाहियों में प्रॉफिट के मामले में रिलायंस को पीछे छोड़ा है। पिछले दो दशक में यह दूसरा मौका है जब एसबीआई ने चार तिमाहियों में रिलायंस से ज्यादा प्रॉफिट कमाया है। इससे पहले बैंक ने फाइनेंशियल ईयर 2012 में जुलाई-सितंबर तिमाही में 18,810 करोड़ रुपये का टीटीएम नेट प्रॉफिट कमाया था जबकि रिलायंस का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 18,588 करोड़ रुपये रहा था। ऐतिहासिक रूप से रिलायंस का मुकाबले ओएनजीसी और इंडियन ऑयल से हुआ करता था। पिछली बार रिलायंस को इंडियन ऑयल ने 2012-13 की जून तिमाही में मात दी थी। उससे पहले फाइनेंशियल ईयर 2012 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही तक ओएनजीसी प्रॉफिट के मामले में रिलायंस से आगे थी। जून तिमाही में रिलायंस के प्रॉफिट में करीब 11 परसेंट की गिरावट आई। रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल बिजनस में गिरावट के कारण कंपनी के प्रॉफिट में गिरावट आई। दूसरी ओर एसबीआई का मुनाफा रेकॉर्ड हाई पर रहा। जून तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 153.1 परसेंटउछला।


**कार्यालय नगर परिषद,लोहरदगा**
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अजय उद्यान पार्क, लोहरदगा का सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें पौधारोपण, ग्रीन ग्रास लगाया जाना, बच्चो का झूला एवं रंग रोगन का कार्य किया जाना है। जिस कारण दिनांक– 13.08.2023 से 20.08.2023 तक आम नागरिकों के लिए अजय उद्यान पार्क बन्द रहेगा, असुविधा के लिए खेद है।

प्रशासक
PR 304393 Lohardaga(23-24).D नगर परिषद,लोहरदगा



**जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा(झारखण्ड)**

**आम सूचना**

जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा के सत्र 2024–25 कक्षा–VI में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10.08.2023 से बढ़ा कर दिनांक **17 अगस्त'2023** तक कर दी गई है। अधिक जानकारी समिति की वेबसाइट www.navodaya.gov.in अथवा कार्यालय ज.न.वि. चतरा से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
ज0न0वि0,चतरा
PR 304366 (School Education and Literacy)23-24*D


## विदेश

# अमेरिकी जंगल में लगी, 36 की मौत

**एजेंसी। वाशिंगटन**



वैलूकू (हवाई) हवाई के माउई काउंटी में लाहैना के जंगलों में भीषण आग लगने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गयी। माउई काउंटी ने बुधवार शाम अपनी वेबसाइट पर जारी एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, दक्षिण की ओर से गुजर रहे डोरा तूफान के कारण जंगलों में लगी आग भड़क उठी जिससे कई कारें जल गई तथा कई ऐतिहासिक इमारतें मलबे के ढ़ेर में तब्दील हो गये। इसने बताया कि रात भर आग की लपटें उठती रहीं जिससे जान बचाने के लिये बच्चों और व्यस्कों को समुद्र में घुसना पड़ा। इससे पहले अधिकारियों ने बताया था कि आग की वजह से 271 ढांचे क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए तथा दर्जनों लोग घायल हो गए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि उन्होंने हवाई के माउई द्वीप के जंगलों में लगी आग से निपटने के लिए 'सभी उपलब्ध संघीय संसाधनों' का उपयोग करने का आदेश दिया है। इस आग में कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है। राष्ट्रपति ने कहा कि तटरक्षक बल और नौसेना भी इस बचाव कार्य में सहायता कर रही है। आग से निपटने के लिए नौसेना की ओर से ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराया गया है, जबकि हवाई नेशनल गार्ड ने आग बुझाने और खोज एवं बचाव कार्यों के लिए चिनूक हेलीकॉप्टरों को तैनात किया हुआ है। बाइडन ने कहा कि परिवहन विभाग द्वीप में फंसे पर्यटकों को निकालने के लिए वाणिज्यिक एयरलाइन के साथ काम कर रहा है। वहीं, आंतरिक और कृषि विभाग ह्यआग बुझने के बाद राहत प्रयासों में सहायता करने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति ने अपने बयान में ह्यअपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की' और बहादुर अग्निशामकों तथा बचावकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जो लगातार इस खतरे से लड़ रहे हैं। माउई काउंटी ने बुधवार दोपहर को सोशल मीडिया पर बताया कि अग्निशमन दल लाहिना, पुलेहु और दूरदराज के इलाकों में आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। काउंटी ने बताया कि 2,100 से अधिक लोगों को रातभर चार आपातकालीन आश्रय गृहों में रखा गया जबकि 2,000 अन्य यात्रियों को काहुलुई हवाई अड्डे पर ठहराया गया। लाहिना पर्यटन स्थल के वीडियो और तस्वीरों से पता चलता है कि माउई के जंगल में लगी आग ने इस ऐतिहासिक शहर में भारी तबाही मचाई है।

### हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के संदेह में 10 लोग गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग पुलिस ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के संदेह में 10 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों पर आरोप है कि उनकी संलिप्तता अब निष्क्रिय हो चुके एक कोष में थी जिसका मकसद 2019 में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार लोगों की मदद करना था। इसी के साथ पुलिस ने चीन के इस अर्ध-स्वायत्त शहर में असंतुष्टों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने कहा कि चार पुरुषों और छह महिलाओं पर विदेशी दान प्राप्त करने और हांगकांग से भागे लोगों या शहर के खिलाफ प्रतिबंधों का आह्वान करने वाले संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 612 मानवीय राहत कोष के साथ मिलीभगत करके साजिश रचने का संदेह है। पुलिस के बयान में संदिग्धों या उनके द्वारा कथित रूप से समर्थित लोगों की पहचान नहीं की गई है।

### दो वाहनों के की टक्कर में आठ लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बृहस्पतिवार को दो वाहनों के की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग घायल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ह्यरेस्क्यू-1122' के प्रवक्ता मुहम्मद फारूक ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब एक यात्री वैन पंजाब प्रांत के जिले मियां चन्नू से भक्कर की ओर जा रही थी। यह हादसा लाहौर से लगभग 300 किमी दूर हुआ।


**कार्यालय,कृषि उत्पादन बाजार समिति,डालटनगंज (पलामू)**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य बाजार प्रांगण में पूर्व से निर्मित 2500 एम0टी0 क्षमता का गोदाम सं0– 01 एवं 02 जिसका प्रति गोदाम का क्षेत्रफल कुल 14160 (चौदह हजार एक सौ साठ) वर्गफीट है, को समिति के व्यापक हित में उक्त दोनो गोदाम का आवंटन किया जाना है, जिसमें पर्षदीय निदेशानुसार कृषि उपज का संव्यवहार करनेवाले भारत सरकार/ झारखण्ड सरकार के सरकारी संस्थान को आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। यदि किसी भी सरकारी संस्थान के द्वारा उक्त दोनो गोदाम के आवंटन हेतु आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो उस स्थिति में कृषि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म को उक्त दोनो गोदाम का आवंटन पर विचार किया जा सकेगा।

अतः इच्छुक भारत सरकार/झारखण्ड सरकार के अधिकृत सरकारी संस्था एवं कृषि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म अपना–अपना आवेदन दिनांक– 20.08.2023 तक कार्यालय काल में समर्पित कर सकते है।

एक से ज्यादा आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी से आवंटन किया जाएगा तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा।

पणन सचिव
PR 304380 District(23-24)D कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज पलामू


### लॉन्च की तैयारी — क्या चांद पर होगी दोस्त रूस के साथ भारत की टक्कर

# रूस 50 साल के बाद चांद पर जाने को तैयार

**एजेंसी। मॉस्को**



रूस और भारत दोनों पिछले करीब सात दशकों से पक्के दोस्त और अब दोनों ही दोस्त अपनी दोस्ती को चांद तक लेकर जा रहे हैं। जी हां, जहां भारत का लूनर मिशन चंद्रयान-3 चांद से कुछ ही दूरी पर है तो वहीं रूस 11 अगस्त का अपना मिशन लूना-25 लॉन्च करने की तैयारी कर चुका है। भारत का दोस्त करीब 50 साल के बाद चांद पर जाने को तैयार है। ऐसे में हर किसी के मन में बस यही सवाल आ रहा है कि चंद्रयान-3 या फिर लूना-25 चांद के रास्ते पर बाजी कौन मारेगा और किसके कदम चंद्रमा के सबसे मुश्किल हिस्से दक्षिणी ध्रुव पर पहले पड़ेंगे?

रूस ने सन 1976 में अपना आखिर लूनर मिशन लॉन्च किया था। 47 साल बाद शुक्रवार को यह अपना पहला लूनर लैंडर चांद की तरफ रवाना करेगा। यह मिशन ऐसे समय पर लॉन्च होगा जब भारत का चंद्रयान-3 चांद पर लैंडिंग से बस कुछ ही दिन दूर होगा। ऐसे में सवाल है कि चंद्रमा की सतह पर उनके उतरने की लूना-25 की समयसीमा क्या चंद्रयान-3 से मैच होगी? इसका जवाब भारतीय अंतरिक्ष संस्था इसरो की तरफ से दिया गया है। इसरो ने बताया है कि चंद्रयान बुधवार को चांद की सतह के करीब पहुंच गया है। इसरो का चंद्रयान -3 की कक्षा 174 किमी X 1437 किमी तक कम हो गई है। अब 14 अगस्त को एक पड़ाव होगा। रूस की राजधानी मॉस्को से करीब छह हजार किलोमीटर दूर पूर्व में वोस्तोचन कॉस्मोड्रोम से लॉन्च होने के बाद इसे चांद तक पहुंचेन में करीब चार हफ्ते लगेंगे। वहीं, चंद्रयान-3, 23 अगस्त को साउथ पोल पर लैंडिंग कर सकता है। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने न्यूज एजेंसी को बताया है कि उसके लूना-25 अंतरिक्ष यान को चंद्रमा पर उड़ान भरने में पांच दिन लगेंगे और फिर ध्रुव के पास तीन संभावित लैंडिंग स्थलों में से एक पर उतरने से पहले लूना-25 चांद की कक्षा में पांच से सात दिन बिताएगा। रोस्कोस्मोस की मानें तो लूना-25 और चंद्रयान-3, दोनों मिशन एक-दूसरे के रास्ते में नहीं आएंगे। एजेंसी के मुताबिक दोनों मिशन में लैंडिंग के लिए अलग-अलग क्षेत्रों की योजना है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोमॉस के मुताबिक ऐसा कोई खतरा नहीं है कि दोनों मिशन एक-दूसरे से टकराएंगे या फिर हस्तक्षेप करें। चांद पर सभी के लिए पर्याप्त जगह है। चंद्रमा का साउथ पोल एक उबड़-खाबड़ वाला इलाका है और लैंडिंग को बहुत मुश्किल बना देता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/08/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिला के घाघरा प्रखण्ड अंतर्गत RAJYAKRIT UPGRADED HIGH SCHOOL TOTAMBI ( UDISE 201600209101) विद्यालय परिसर का अवशेष चाहरदिवारी निर्माण। | 16,28,000.00 | 32,600.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.08.2023 से दिनांक 23.08.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24.08.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
6 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –25.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 304372 (Rural Development) 23-24 (D) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार, 11 अगस्त, 2023



ज्ञान की बात

'अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत और अनुशासन नाम के ब्रिज को पार करना पड़ता है।' - अज्ञात



# अपराध पर लगे लगाम

**किसी** भी राज्य के विकास के लिए लॉ एंड आर्डर का मजबूत होना बहुत जरूरी है। लेकिन हाल के दिनों में अपने राज्य झारखंड में यह नहीं देखने को मिल रहा है। राज्यवासी अपने आप को तभी सुरक्षित मानते हैं जब अपराधियों में पुलिस का खौफ होता है लेकिन हाल के दिनों में जिस प्रकार से राज्य के विभिन्न जिलों में आपराधिक घटनाएं हुई है, उससे अपराधियों में पुलिस के खौफ को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से बीते कुछ दिनों में लगातार प्रेस रिलीज जारी कर झारखंड एटीएस की उपलब्धियां बताई जा रही है लेकिन दूसरी तरफ आलम यह है कि रामगढ़, खूंटी, सरायकेला, धनबाद, गिरिडीह, देवघर जैसे जिलों में घटनाएं थमती नजर नहीं आ रही हैं। बेखौफ अपराधी जिस प्रकार से अलग अलग जिलों में हत्या, लूट, डकैती और छिनतई जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, उससे तो अब पुलिस वालों के परिवार भी सुरक्षित नजर नहीं आ रहे हैं। अभी एक पखवाड़ा भी नहीं बीता है जब रामगढ़ में ही अपराधियों ने एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और दारोगा को गोली मारकर घायल कर दिया था। रामगढ़ में पिछले माह एटीएस और अमन साहू गैंग के साथ हुई मुठभेड़ में अपराधियों ने एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और दारोगा को गोली मारकर घायल कर दिया था। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद आला अधिकारियों के साथ मीटिंग कर राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर गहरी नाराजगी जताई थी लेकिन महज 10 दिनों के अदर ही बेखौफ अपराधियों ने रामगढ़ में ही बेखौफ अंदाज में सरेशाम होटल संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी। हथियार के बल पर व्यापारी बादल साहू से हुई लूट और गोलीबारी की घटना के बाद बदमाश जंगल में भाग गये तो पुलिस और ग्रामीण जंगलों में घंटों खाक छानते रहे लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस अधिकारी लाख दावा कर रहे हैं कि अपराधी को कंट्रोल किया जा रहा है लेकिन बेखौफ इस इधर बेखौफ अंदाज में घटना को अंजाम दे रहा है। इससे पूर्व आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक के पास स्थित ईश्वर लाल ज्वेलरी शॉप में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया था। बदमाशों ने करीब 70 लाख के गहने लेकर मौके से फरार हो गये। घटना को सुबह 11 बजे तीन अपराधियों ने ग्राहक बनकर अंजाम दिया। पिस्टल का भय दिखाकर अपराधियों ने दुकान में रखे सभी गहनों को लूट लिया और भागने के दौरान आराम से दुकान का शटर भी बाहर से बंद कर मौके से भाग निकले। पुलिस अब तक इस मामले का भी खुलासा नहीं कर सकी है।घर जिले में भी अपराधियों ने चौक चौराहे पर गोलीबारी कर भय का माहौल पैदा किया। गनीमत यह रही कि इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। वहीं गोलीबारी की घटना को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गया। इस बाबत झारखंड पुलिस के प्रवक्ता ने कहा है कि बढ़ते अपराध को हर हाल में रोका जायेगा। लेकिन राज्य में जिस प्रकार से अपराधी तांडव मचा रहा है उससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पुलिस का खौफ अपराधियों के अंदर खत्म हो गया है और हर जिले में कोई ना कोई बड़ा आपराधिक की घटना को अंजाम दे रहा है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह अपराधियों को काबू करे,नहीं तो आने वाले दिनों में लोगों का सरकार से भरोसा खत्म हो जायेगा।

**अभी एक पखवाड़ा भी नहीं बीता है जब रामगढ़ में ही अपराधियों ने एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और दारोगा को गोली मारकर घायल कर दिया था। रामगढ़ में पिछले माह एटीएस और अमन साहू गैंग के साथ हुई मुठभेड़ में अपराधियों ने एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और दारोगा को गोली मारकर घायल कर दिया था।**

# जीवन में संतुलन के लिए प्रकृति संरक्षण जरूरी





योगेश कुमार गोयल

**विश्व भर** में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ निर्मम खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। विश्वभर में मौसम चक्र में निरन्तर आते बदलाव और बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन के कारण पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा जीव-जंतुओं की कई प्रजातियों के अस्तित्व पर भी अब संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता परिषद, 'इंटरगवर्नमेंटल साइंस-पॉलिसी प्लेटफॉर्म ऑन बायोडायवर्सिटी एंड इकोसिस्टम सर्विसेज' (आइपीबीईएस) द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में करीब 10 लाख प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है क्योंकि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिससे दुनियाभर के लोगों के स्वास्थ्य और उनकी जीवन की गुणवत्ता को नुकसान पहुंच रहा है। मौसम के तेजी से बिगड़ते मिजाज का ही असर है कि इन दिनों अपेक्षाकृत ठंडे रहने वाले यूरोप और अमेरिका जैसे इलाके भी ग्लोबल वार्मिंग के कारण बुरी तरह तप रहे हैं। उत्तरी ध्रुव से लेकर यूरोप, एशिया, अफ्रीका, हर कहीं जलवायु परिवर्तन के खौफनाक दुष्परिणाम नजर आ रहे हैं। कहीं ठंडे इलाके भी भीषण गर्मी से झुलस रहे हैं तो कहीं सूखे इलाके बाढ़ से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, जंगल झुलस रहे हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि इंसानी गतिविधियों के कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन की वजह से पृथ्वी का तापमान पूर्व-औद्योगिक काल की तुलना में इस सदी के अंत तक 2.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी प्रजातियों के लिए 10 गुना खतरा बढ़ जायेगा। पर्यावरण के इस तेजी से बदलते दौर में भली-भांति यह समझ लेना होगा कि जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्वम्भावी है। प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इन समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विड़म्बना ही है कि प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि प्रकृति का संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अब अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आने लगी है। प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सबको भी अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर दुनियाभर में जो छेड़छाड़ हो रही है, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय में भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। पर्यावरण संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण, न्यूमोनिया, लकवा इत्यादि के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा इन बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। जब भी कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आती है तो हम प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि यदि हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने निहित स्वार्थों के चलते हम यदि प्रकृति के साथ निर्मम खिलवाड़ बंद नहीं करते तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं। मानवीय क्रियाकलापों के ही कारण वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन तथा पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं लेकिन विकास के नाम पर एक ही झटके में हजारों पेड़ों का सफाया कर दिया जाता है। पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें स्वयं विचार करना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? हर बात के लिए सरकार से अपेक्षाएं करना ठीक नहीं। सरकारों का काम है किसी भी चीज के लिए कानून या नियम बनाना और जन-जागरूकता पैदा करना लेकिन ईमानदारी से उनका पालन करने की जिम्मेदारी तो हमारी है। यदि हम वाकई प्रकृति संरक्षण चाहते हैं तो हमें अपनी रोजमर्रा की कुछ आदतों में भी सुधार करना होगा, जिससे पानी, बिजली इत्यादि बचाने में मदद मिले। आज के डिजिटल युग में तमाम बिलों के ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था हो ताकि कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। प्रकृति संरक्षण के लिए जरूरी है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में भी दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात उन पौधों की अपने बच्चों की भांति देखभाल भी करें। हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाईऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। इस तरह की छोटी-छोटी पहल से भी हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं।

**कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण, इत्यादि के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा इन बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा चंद्रगुप्त मौर्य की

**परंतु** नंद को तो अपने विलास भोगों से ही फुरसत कहां थी। इसलिए उसने चाणक्य को अपमानित कर अपने यहां से भगा दिया। अब चाणक्य ने समझ लिया कि प्रस्तुत लक्ष्य किसी राजा या सम्राट से पूरा नहीं होगा। उसके लिए तो एक नयी ही शक्ति का उदय होना चाहिए जो देश प्रेम, वीरता, संघ निष्ठा और एकता के आधार पर उदित हो। चाणक्य स्वयं तो संन्यासी और धर्माचार्य थे। स्वयं राजनीति में प्रत्यक्ष भाग लेना उन्हें मर्यादाओं के विरुद्ध लगा इसलिए अपने किसी निष्ठावान शिष्य को यह उत्तरदायित्व सौंपकर इस अभियान का सूत्र संचालन ही उपयुक्त लगा और वे इसलिए योग्य शिष्य की तलाश में इधर-उधर भटक रहे थे। चंद्रगुप्त में वह प्रतिभा देखकर उन्होंने शिकारी से संपर्क साधा और उसे अपने साथ ले जाने के लिए तैयार कर लिया। चाणक्य अपने नये शिष्य को लेकर तक्षशिला पहुंचे और वहां शस्त्र तथा शास्त्र दोनों सिखाने लगे। शासक स्तर के व्यक्ति को बुद्धि और शक्ति दोनों ही विभूतियों से संपन्न होना चाहिए। चाणक्य ने अपने ग्रंथों में स्थान-स्थान पर यह विचार व्यक्त किया है। शासक ही क्या सामान्य व्यक्ति के लिए भी बुद्धि-बल और शरीर बल दोनों का महत्व अपेक्षणीय है। चंद्रगुप्त ने सात-आठ वर्ष तक अपने योग्य और विद्वान गुरु के पास रहकर दोनों विभूतियां अर्जित कीं। तक्षशिला में व्यतीत किया समय चंद्रगुप्त के भावी जीवन का आधार मजबूत करने और बनाने का कारण बना। चाणक्य ने अपने शिष्य को शस्त्र और शास्त्र में पारंगत बनाने के साथ-साथ उसके चरित्र गठन की ओर भी ध्यान दिया। चरित्र ही तो समस्त सफलताओं और सदुद्देश्यों को प्राप्त करने का मुख्य आधार है। इसके अभाव में बड़े-बड़े शक्तिशाली साम्राज्य और सम्राटों का नाश तथा पतन हुआ है। आदि काल से अब तक इस बात के कई उदाहरण इतिहास में भरे पड़े हैं।

*(क्रमशः)*

# जो लाते हैं उदास चेहरों पर मुस्कान



आर.के.सिन्हा

**मणिपुर** से लेकर मेवात तक से हिंसा और अशांति की खबरों के बीच एक उम्मीद अवश्य जागती है कि हमारे यहां किसी कारण से कष्ट में आ गये लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाले फरिश्तों की भी कोई कमी नहीं है। बाढ़, भूकंप या किसी महामारी के समय कुछ फरिश्ते उम्मीद बनकर सामने आ ही जाते हैं। मेवात में दंगा भड़काने वालों के खिलाफ तो कड़ी कार्रवाई करनी ही होगी, पर दंगों की चपेट में आये लोगों के इलाज और भोजन की व्यवस्था करने में राजधानी के शहीद भगत सिंह सेवा दल, दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी समेत कई सामाजिक संस्थानों के वालंटियर सामने आये। उन्होंने दंगा प्रभावित लोगों को भोजन से लेकर दवाइयां तक उपलब्ध करवायी। याद रखिये, यह जो समाज सेवा का जज्बा है, ये सब में तो नहीं होता। समाज सेवा में कोई धन तो नहीं मिलता। बल्कि, घर से ही जाता है पर इंसान अपने को भीड़ से अलग तो कर ही लेता है। देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत फिल्में बनाने निर्माता, निर्देशक और एक्टर मनोज कुमार कभी-कभी सुनाते हैं कि किस तरह जब उनका परिवार देश विभाजन के बाद बुरी स्थिति में दिल्ली आया तो सेंट स्टीफंस अस्पताल के डाक्टरों ने उनके परिवार के बुजुर्ग सदस्यों का पूरे मन से इलाज किया और उन्हें सेहतमंद किया। सेंट स्टीफंस अस्पताल को उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था जिससे गांधीजी के परम सहयोगी दीनबंधु सीएफ एंड्यूज जुड़े हुए थे। प्रोटेस्टेंट ईसाइयों की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी का लक्ष्य धर्मांतरण कभी नहीं रहा। धर्मांतरण ज्यादातर कैथोलिक मिशनरी करवाते हैं। बहरहाल, देश के 1947 में विभाजन के बाद बड़ी संख्या में शरणार्थी दिल्ली आये तो उन्हें हर तरह की मदद दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने दी। अपने परिसर में शरणार्थी हिंदुओं और सिखों को छत दी। हाल ही में दिल्ली में बाढ़ आई तब भी इसके वालंटियर बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन और दवा बांटते रहे। मैं पिछले दिनों आगरा में गया था। वहां पर रोटरी क्लब के कुछ सदस्यों से मिला। जानकार बहुत संतोष हुआ कि वे आगरा और आसपास के नौजवानों को वोकेशनल ट्रेनिंग दिलवाने के साथ-साथ लड़कियों को साइकिलें भी दे रहे हैं ताकि वे आराम से अपने स्कूलों में आ-जा सकें। इसके अलावा वे रक्तदान शिविर आयोजित करते है। यकीन मानिये कि मुझे रोटरी क्लब के मेंबर्स के बीच में जाकर गर्व होता है। सारे संसार में रोटरी क्लब के सदस्य सोशल सर्विस में बढ़-चढ़कर एक्टिव हैं। ये सिलसिला बीते कई दशकों से चल रहा है। रोटरी क्लब में बिजनेस की दुनिया से संबंध रखने वालों की भरमार है। ये मुख्य रूप से दो तरह के काम कर रहे हैं। पहला, ये नौकरी के अवसर पैदा कर रहे हैं। दूसरा, यह किसी दुखी इंसान के चेहरे में मुस्कान लाने की कोशिश करते हैं। सच में, मैं तो इन्हें ईश्वर का दूत ही मानता हूं। वर्ना आज के दिन कौन किसके आंसू पोंछता है। मैं बिजनेस और इंडस्ट्री की गतिविधियों को भी फॉलो करता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि बिजनेस करना कोई बच्चों का खेल नहीं है। तमाम तरह की अड़चनों को पार करके आप बिजनेस करते हैं और फिर टैक्स देते हैं। यह सब करने के बाद समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का होना बहुत बड़ी बात है। मैं दिल्ली में पृथ्वीराज रोड से गुजरते हुए दो शख्सियतों के घरों को देखकर कुछ पलों के लिए ठहर जाता हूं या मेरी नजरें झुक जाती हैं। मैं बात कर रहा हूं बाबा साहेब आंबेडकर और जेआरडी टाटा के घरों की। ये दोनों महान विभूतियां पृथ्वीराज रोड पर अलग-अलग समय में रहीं। दोनों ने हमारे देश को बेहतर बनाने में अपना ठोस रोल निभाया। जेआरडी टाटा ने टाटा समूह को खड़ा किया। उन्होंने देश में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र को भरपूर सहयोग किया। जहां तक बाबा साहेब की बात है तो उन्होंने देश को एक शानदार संविधान देने में अहम भूमिका निभाई।

**धर्मांतरण ज्यादातर कैथोलिक मिशनरी करवाते हैं। बहरहाल, देश के 1947 में विभाजन के बाद बड़ी संख्या में शरणार्थी दिल्ली आये तो उन्हें हर तरह की मदद दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने दी।**

समाज सेवा

## फोटो की दुनिया




## फेसबुक वॉल से




# अध्यादेश पर विपक्षी गठबंधन की फजीहत



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**अध्यादेश** पर आम आम आदमी पार्टी का साथ देना विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए पर भारी पड़ा। संसद में उसे असहज स्थिति का सामना करना पड़ा क्योंकि चर्चा के दौरान आबकारी घोटाला, अरविंद केजरीवाल के शीशमहल निर्माण घोटाला, इससे सम्बन्धी फाइलों को गायब करने के प्रयास आदि भी चर्चा में आ गये। यह भी पता चला कि दिल्ली विधानसभा और केजरीवाल मंत्रिमण्डल की बैठकें भी संवैधानिक भावना के अनुरूप नहीं होती थी। इसमें केजरीवाल की मनमानी व्यवस्था लागू रहती थी। इन तथ्यों के सामने आने पर अध्यादेश का विरोध करने वालों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। संदेश यह गया कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए आप सरकार के कथित घोटालों और अलोकतांत्रिक तौर-तरीकों का समर्थन कर रहा है, उसका बचाव कर रहा है। विपक्षी आईएनडीआईए पर नरेन्द्र मोदी ने जो आरोप लगाये थे, वह इनकी अपनी हरकतों से प्रमाणित हो गये। मोदी ने कहा कि ये पार्टियां घोटालों से एक-दूसरे को बचाने के लिए एकजुट हुई हैं। जब से संसद का मानसून सत्र प्रारंभ हुआ, तब से विपक्ष मणिपुर को लेकर हंगामा कर रहा है लेकिन आम आदमी पार्टी के समर्थन में हंगामा छोड़ कर संसद की कार्यवाही में शामिल हो गये। कांग्रेस के नेता जानते थे कि उन्होंने दिल्ली के लिए जो संवैधानिक प्रावधान किये थे, अध्यादेश उसी के अनुरूप था। केजरीवाल भी दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था को समझते थे। इसे समझते हुए ही उन्होंने बेशुमार चुनावी वादे किये थे। उन्होंने कभी नहीं कहा कि दिल्ली पूर्ण राज्य होगा तभी वह सब वादे पूरे करेंगे। वह पूर्ण राज्य क्यों चाहते थे, यह भी कुछ घण्टों में पता चल गया। फाइलों को गायब करने और जांच को प्रभावित करने के काम किये गये। इसके चलते ही केंद्र सरकार को अध्यादेश लाना पड़ा। विपक्षी गठबंधन को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये। क्या वह आप सरकार के इस कार्य से सहमत थी। अन्यथा अध्यादेश का विरोध क्यों कर रही थी। देश के किसी भी केंद्र शासित राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिला है। केजरीवाल को भी यह संवैधानिक स्थिति स्वीकार करनी चाहिए। आम आदमी पार्टी ने विपक्षी गठबंधन में शामिल होने की शर्त लगाई थी। उसका कहना था कि दिल्ली सम्बन्धी अध्यादेश पर कांग्रेस उसका समर्थन करेगी तभी वह गठबंधन का हिस्सा बनेगी। पहले कांग्रेस इस विषय पर असमंजस में थी। दिल्ली उसी संवैधानिक व्यवस्था से संचालित हो रहा था, जिसका प्रावधान कांग्रेस की सरकार ने किया था। इसके अनुरूप कांग्रेस की शीला दीक्षित ने पंद्रह वर्षों तक सरकार चलाई थी। दिल्ली सरकार संशोधन विधेयक से पारित हो गया। यह निर्णय संविधान के अनुरूप था। गृहमंत्री अमित शाह ने केजरीवाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाये। कहा कि आप के निशाने पर सतर्कता विभाग था। जिससे घोटालों की जांच को प्रभावित किया जाय। उसके पास आबकारी घोटाले की फाइल, मुख्यमंत्री के नये बने आवास को अवैध रूप से बनाये जाने से संबंधित फाइल, बीएसईएस से संबंधित फाइल, एक कंपनी पर इक्कीस हजार करोड़ रुपये के बकाया होने के बावजूद उसे फिर फंड देने से संबंधित फाइल जांच के लिए पड़ी हैं। केजरीवाल सरकार देश की ऐसी सरकार है, जिसके कार्यकाल में विधानसभा का सत्रावसान ही नहीं होता। जब राजनीतिक भाषण देना होता है तो विधानसभा का आधे दिन का सत्र बुला लिया जाता है। 2021 से 2023 के बीच अब तक हर साल केवल एक-एक सत्र बुलाये गये हैं। वह भी बजट के लिए। इसी तरह केजरीवाल सरकार ने वर्ष 2022 में कैबिनेट की मात्र छह बैठकें बुलायीं, वर्ष 2023 में केवल दो ही बैठकें बुलायीं। यह बैठकें भी मुख्यतः बजट को लेकर थीं। पिछले दो वर्षों से विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की एक भी रिपोर्ट सदन के पटल पर नहीं रखी।

**विपक्षी आईएनडीआईए पर नरेन्द्र मोदी ने जो आरोप लगाये थे, वह इनकी अपनी हरकतों से प्रमाणित हो गये। मोदी ने कहा कि ये पार्टियां घोटालों से एक-दूसरे को बचाने के लिए एकजुट हुई हैं।**

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### पीड़ित परिवारों ने वन विभाग से मुआवजा मांगा

# बालूमाथ में हाथियों का उत्पात, तीन घर ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

इन दिनों बालूमाथ वन क्षेत्र अंतर्गत जंगली हाथियों का उत्पात आए दिन देखने को मिल रहा है। ताजा मामलों में वन क्षेत्र के कारीमाटी एवं एकचटीया ग्राम में जंगली हाथियों के झुंड ने तीन घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अनाज एवं आसपास की फसलों को नष्ट कर दिया है। जंगली हाथियों ने कारीमाटी ग्राम स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का गेट को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। पीड़ित परिवार चरका यादव, छोटू यादव, राजू उरांव ने हुए नुकसान का वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।



वहीं राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, वह भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा अमित कुमार सहित कई समाजसेवि जनप्रतिनिधियों ने घटना का जायजा लेते हुए जंगली हाथियों से निजात एवं हुए नुकसान के मुआवजा के लिए रेंजर राकेश कुमार से बात की। बता दें कि जंगल से सटे घरों को आए दिन जंगली हाथी नष्ट कर रहे हैं, ध्वस्त कर रहे हैं जिससे जंगल से सटे गांव के ग्रामीण जंगली हाथियों के आतंक से घबराए हुए हैं और रात को पहरा भी देते हैं। 2 साल बीत जाने के बाद भी वन विभाग इन जंगली हाथियों से ग्रामीणों को निजात दिलाने में असफल रही है। हालांकि ग्रामीणों के बीच आए दिन वन विभाग हाथियों से बचाव के लिए कई टिप्स और टॉर्च आदि का भी वितरण करते रहते हैं।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिले में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम ने सदर अस्पताल में दवा का सेवन कर किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि हमें अपने जिले से ही नहीं बल्कि इस देश से भी फाइलेरिया रोग का समूल नाश करने के लिए अभियान के दौरान आपके घर पर आने वाले स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही दवा का सेवन करना है। जिले में 7,67,321 लोगों को इस वर्ष फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती व गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवाएं नहीं खिलाई जाएंगी। सिविल सर्जन बताया गया कि अभियान 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा। दवा का सेवन खाली पेट नहीं करें। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी व जनप्रतिनिधि ने जागरूकता रथ को रवाना किया।



### सभी की सहभागिता अनिवार्य : बीडीओ

**बरवाडीह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को एक पखवारा तक चलने वाली फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जुबेर आलम, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू उपस्थित रहे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जुबेर आलम ने बताया कि प्रखंड में 130 बूथ बनाये गये हैं और इस कार्य हेतु कुल 260 कर्मियों को लगाया गया है। बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी की सहभागिता अनिवार्य है। मौके पर डॉ. अनुपमा एक्का, सीएचओ आभा कुमारी, सीमा सिंह, खुशबू कुमारी, मीणा प्रजापति, अनिता तिर्की, भावना कुमारी, समीरा एकका, रीमा एक्का, कुमुदनी माधुरी, युवराज सिंह, दीपक सिंह, उदित आदि मौजूद थे।

### महुआडांड़ में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू

**महुआडांड़।** प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर गुरुवार को सीएचसी केंद्र में आईडीए एमडीए कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीओ नीत निखिल सुरीन, विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, फादर दिलीप एक्का, फादर डॉ एमके जोश, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज और चिकित्सा प्रभारी अमित खलखो ने संयुक्त रूप से किया।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा का सेवन जरूर करें

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा का सेवन जरूर करें। स्वास्थ्यकर्मी सरकारी और गैरसरकारी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को दवा का सेवन जरूर करायें। बुद्धजीवी वर्ग दवा का सेवन अवश्य करें। इससे दूसरे लोग भी प्रोत्साहित होकर दवा का सेवन करेंगे। दवा का सेवन स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही करें। फाइलेरिया उन्मूलन की सफलता के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। जिले को फाइलेरिया से मुक्त किया जा सके इसके लिए सभी अपनी भागीदारी दें। उक्त बातें सदर अस्पताल के सभागार में आयोजित फाइलेरिया उन्मुलन अभियान का उद्धघाटन कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी ने कही। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने दवा सेवन के लिए मौजूद लोगों के साथ शपथ ग्रहण भी किया। सिविल सर्जन ने अपील किया कि लोग हाथी पांव जैसे गंभीर रोग से बचाव के लिए दवा का सेवन अवश्य करें। यह अभियान 25 अगस्त तक चलेगा। वीबीडी कंसल्टेंट अभिमन्यु कुमार ने कहा कि नाइट ब्लड सर्वे में एक प्रतिशत से अधिक लोगों में फाइलेरिया का प्रभाव देखा गया है। मौके पर उनके साथ सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद, यक्ष्मा विभाग से डॉ. कुमार उत्तम, डीपीएम अनिल कुमार बारला, वीबीडी कंस्ल्टेंट अभिमन्यु कुमार, पीसीआई प्रतिनिधि अभिषेक कात्यायन, यूनिसेफ से डॉ. याशिका, फाइलेरिया विभाग से रंजीत मिश्रा, एफएलए प्रदीप कुमार तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### कुत्तों के आतंक से पशु मालिक हो रहे परेशान

**प्रतापपुर(चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड के हुमाजांग पंचायत अंतर्गत बस बूटा गांव के लावारिस कुत्तों के आतंक से काफी परेशान हैं क्षेत्र के पशु पालक। गांव के राजेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दिनों कुछ लावारिस कुत्तों के द्वारा जानवरों को जख्मी कर दिया जा रहा है।वही आदमियों पर भी कुत्ते दौड़ पड़ते हैं। राजेश ने आगे बताया कि मेरी एक बकरी, प्रमोद यादव व संदीप यादव की एक-एक बकरी, केदार यादव के गाय के बच्चा और एक बकरी को कुत्ते नोच्च कर घायल कर चुके हैं। पशुपालकों ने आशंका व्यक्त की है कि समय रहते इन कुत्तों के लिए कुछ नहीं किया गया तो और भी ऐसी घटनाएं संभव हैं।

### कॉलेज में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप स्थित अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग की छात्राओं के द्वारा लघु नाटक और डांस के माध्यम से आदिवासियों के रहन-सहन को दिखाया गया। साथ ही उनके द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर संस्थान के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती, नर्सिंग एंड फामेर्सी के शिखा कुमारी, निशा कुमारी, सपना कुमारी, वीणा कुमारी, गीता कुमारी, अनीमा कुमारी, हमाद, किरण कुमारी, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

### आकलन परीक्षा में दिखाई गई पारदर्शिता

**प्रतापपुर (चतरा)।** पारा शिक्षक सहायक अध्यापकों के 10 प्रतिशत मानदेय वृद्धि को लेकर झारखंड सरकार ने जैक के माध्यम से आकलन परीक्षा 30 जुलाई 2023 को संपन्न कराई। इस आकलन परीक्षा के लिए कई परीक्षा केंद्र बनाए गए थे और अधिकारी, पदाधिकारी के देखरेख में पुलिस बल की सुरक्षा के बीच विधिवत तैयारी के साथ परीक्षा ली गई। इस परीक्षा में झारखंड के वैसे सभी पारा शिक्षक शामिल हुए जो टेट की परीक्षा से वंचित थे। आकलन की हुई इस परीक्षा के बाद जैक बोर्ड रांची ने पारदर्शिता बरतने के उद्देश्य से परीक्षार्थियों के द्वारा परीक्षा में भरे गए ओएमआर शीट को जैक के वेबसाइट पर डाउनलोड कर दिया है। इससे परीक्षा की पारदर्शिता तो नजर आई ही साथ ही शिक्षक ओएमआर शीट के उत्तर मिलाकर खुद को संतुष्ट हो पा रहे हैं की वह परीक्षा में कितना हद तक सही लिखे और कितना हद तक गलत।

### पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बालूमाथ।** पुलिस ने दो फरार लाल वारंटी को गिरफ़्तार करने में सफलता पाई है। पहली गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के चितरपुर ग्राम से महेश पासवान का हुआ है, जो वर्ष 2009 से उग्रवाद केश में फरार चल रहा था। वहीं दूसरा रामदेव उरांव ग्राम गेरेजा का है जो वर्ष 2008 से मारपीट मामले में फरार चल रहा था। उसे लातेहार एस पी अंजनी अंजन के निर्देश पर उनके घर के पास से गिरफ्तार कर लातेहार कारा भेज दिया गया है। यह जानकारी बालूमाथ थाना प्रभारी ने दी है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी प्रसांत प्रसाद के अलावे एसआई कुबेर कुमार, धीरज कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

### बीडीओ ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्धाटन



मयूरहंड(चतरा)। मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के दिग्ही मध्य विद्यालय खेल मैदान में कृष्णा क्लब सिंदुवारी द्वारा नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन गुरुवार को बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, मुखिया अशोक कुमार भुईयां व जीपीएस सतीश कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन मैच चतरा जिले के नवादा बनाम हजारीबाग जिले के केवला टीम के बीच खेला गया, जिसमें केवला की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की। मैच में निर्णायक की भूमिका ह्रदय कुमार ने निभायी। मौके पर बीडीओ ने कहा कि खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। आगे कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है।

# होटल के सामने झूला हुआ बिजली का तार दुर्घटना को दे रहा है दावत

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

नेतरहाट के अरुणोदय अतिथिशाला होटल के सामने झूला हुआ बिजली का तार दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति काफी आक्रोश है।



इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार नेतरहाट के प्रभात विहार होटल पथ में अरुणोदय होटल के सामने से 11000 वोल्ट का खुला तार पोल के सहारे खींचा गया है जो बिजली विभाग के लापरवाही के कारण महज 10 फीट ऊंचा है। इस पथ से प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों का आवागमन होता रहता है जिससे झूले हुए तार से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। वहीं इस पथ में निवास करने वाले लोगों को हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है कि कहीं कोई दुर्घटना ना हो जाए। इस संबंध में समाजसेवी आशुतोष कुमार ने बताया कि झूले हुए तार की समस्या के संबंध में कई बार बिजली विभाग को सूचित किया गया कि इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, यदि इस पथ में ऊंची गाड़ी आएगी तो तार गाड़ी में जरूर सट जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने भी कई बार विभाग का ध्यान इस ओर दिलाया। लेकिन अभी तक किसी तरह का कोई सुधार नहीं किया गया। बरसात का मौसम है इसमें खतरा और भी बढ़ जाता है। प्रशासन को इसपर संज्ञान लेकर जल्द से जल्द तार को उपर करवाना चाहिए।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर हुयी बैठक


**महुआडांड़।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन एवं खेल कूद कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ नीत निखिल सुरीन और एसडीपीओ राजेश कुजूर ने संयुक्त रूप से की। बैठक में एसडीओ सुरीन ने कहा कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वहीं स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह भी खेल कूद कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। बैठक में एसडीओ सुरीन ने खेल मैदान की साफ-सफाई, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए कमेटी को जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में बीडीओ अमरेन डांग, जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, एसआई रोशन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जर्जर भवन में महेशा मवि कार्यालय का संचालन

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

भले ही राज्य सरकार व जिला प्रशासन की ओर से शिक्षा में सुधार को लेकर मॉडर्न व संसाधन युक्त विद्यालय संचालित करने की बात कही जा रही है। पर चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय महेशा का जर्जर कार्यालय भवन कुछ और हीं बयां कर रही है। कार्यालय भवन का छत इतना जर्जर हो चुका है की छत का रड दिखाई पड रहा है और छत का प्लास्टर टूटकर कमरे में गिरने के साथ छत का पानी कमरे में रिसाव कर रहा है। यही नहीं भवन का छत इतना ज्यादा जर्जर हो चुका है की कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। इसके बावजूद विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षक जर्जर भवन में दैनिक कार्यों का निष्पादन जान जोखिम में डालकर करने को विवश हैं। प्रधानाध्यापक योगेश कुमार ने बताया की जर्जर भवन की जानकारी शिक्षा विभाग को कई बार दी गई, बावजूद अबतक संज्ञान नहीं लिया गया।

**छत का मलबा गिरने के साथ कमरे में पानी का होता रिसाव**



# बिरहोर परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

झारखंड राज्य खाद्य आपूर्ति आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड के बिरहोर टोला जपुआ पहुंचे। यहां उन्होंने बिरहोर परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेने के दौरान उन्हें हर माह मिलने वाले अनाज की जानकारी ली और मौके पर मौजूद बीडीओ को कई दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने कहा पीडीएस दुकानों को पूरी तरह से पारदर्शी बनाएं। दुकान के बाहर बोर्ड लगाकर आवंटन और वितरण समेत पूर्ण जानकारी अंकित करें व लाभुकों को वितरण पर्ची जरूर दें। क्योंकि इन बिंदुओं पर लापरवाही से ही दुकानों में गड़बड़ी की शुरआत होती है। इस लिये सबसे पहले इसे दुरुस्त करें। चौधरी ने दो विद्यालयों में मध्ययहन भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। भोजन की गुणवत्ता से संतुष्ट दिखे। उन्होंने विद्यालयों में मेन्यू का बोर्ड आवश्यक रूप से लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान डीएसओ सलमान जफर खिजरी, बीडीओ संजीत कुमार सिंह, गणेश रजक समेत अन्य शामिल थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया पूर्वाभ्यास

**लातेहार।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन एवं पूर्वाभ्यास गुरूवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के सभागार में किया गया। मौके पर बतौर निर्णायक मंडली के सदस्य समग्र शिक्षा अभियान की एपीओ रोज मिंज व स्वर संगम के निदेशक आशीष टैगोर उपिस्थत थे। पूर्वाभ्यास में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने पेरोडी गीतों में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि लातेहार पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने नागपुरी व पंजाबी गीतो में नृत्य प्रस्तुत किया। मध्य विद्यालय आश्रम की छात्राओं ने भी नागपुरी गीत कतई सुंदर हमर झारखंड गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। बालिका उच्च विद्यालय की दृष्टि बाधित प्रतिभागी निशि रानी ने वंदे मातरम गीत कर लोगों को खूब प्रभावित किया। इलातेहार डांस एकेडमी की नाब्या राजपूत ने भी नृत्य प्रस्तुत किया।

# डीसी की अध्यक्षता में हुई समन्वय समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति/मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं अन्य सभी विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, रूर्बन मिशन योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई, जिसमें मुख्य रूप से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजना, विशेष केन्द्रीय सहायता मद से संचालित योजना, मेरी माटी मेरा देश अभियान, फाइलेरिया उन्मूलन अभियान, सामाजिक सुरक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित योजना समेत अन्य योजनाओं की क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति प्रतिवेदन की प्रस्तुती पावर ऑफ प्रेजेंटेशन के माध्यम से की गई। प्रतिवेदन के आधार पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई की 2016-2022 तक के आवास योजना लगभग प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध 25 हजार पूर्ण कर लिए गए हैं। 4 हजार आवास लंबित हैं जिसे जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जायेगा। बैठक में डीडीसी, एसी पवन कुमार मंडल, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी निलम कुमारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चतरा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, डीपीएम जेएसएलपीएस अनिल डुंगडुंग, सभी बीडीओ आदि उपस्थित थे।




### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद हिंदू समाज की सहायता करेगी

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन धर्मपुर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की हुयी। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनयकांत पांडे ने की। इसमें मुख्य रूप से संगठन मंत्री कन्हैया लाल उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि परिषद हेल्पलाइन के माध्यम से हिंदू समाज को संकट में सहायता करेगी और समाज में आपसी मनमुटाव को खत्म करने के लिए जनता दरबार भी लगायेगी। अखंड भारत दिवस, कृष्ण सजा रूप, कन्या पूजन, शस्त्र पूजन का आयोजन कर हिंदू समाज को सशक्त किया जाएगा। जिला अध्यक्ष विनय कांत पांडे ने बताया कि संगठन का विस्तार किया जा रहा है। राष्ट्रीय बजरंग दल की बहाली भी की जा रही है। बैठक में बसंत प्रसाद साहू, मोहन राम, कमलेश उरांव, रमेश, कमलेश, वीरेंद्र, उर्मिला, सुनीता, संध्या, प्रभु आदि उपस्थित थे।

### मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम का पौधरोपण कर किया गया शुभारंभ

**गिद्धौर(चतरा)।** मेरी मिट्टी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कार्यक्रम की शुरूआत पौधारोपण कर की गई। कार्यक्रम के तहत पहले दिन पवित्र कलश में एक-एक मुट्ठी मिट्टी एकत्रित की गई और पौधारोपण अभियान को सफल बनाने पर चर्चा की गई। ज्ञात हो कि प्रखंड प्रशासन व वन विभाग द्वारा गांवों में पौधे लगाए जायेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड के ग्राम पंचायत में कम से कम 75 पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जाएगा। प्रखंड के मंझगांवां, बारिसाखी, गिद्धौर, पहरा, बरियातू व द्वारी पंचायत में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 15 अगस्त तक चलेगा। इसका उद्देश्य आम अवाम में देशभक्ति की भावना को जागृत करना है।

### आयोजन | नेशनल जुट बोर्ड व जन सहभागी विकास केंद्र ने किया कार्यक्रम

# महिलाएं किसी से कम नहीं: अनुमंडल पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**

नेशनल जुट बोर्ड (वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार) एवं जन सहभागी विकास केंद्र रांची द्वारा प्रखंड सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी नीति निखिल सुरीन ने कहा कि हमारी महिलाएं किसी से कम नहीं है। बस आप सभी को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है और अपने हुनर को पहचानने की आवश्यकता है। आप अपनी हुनर को पहचान करते हुए उसे साकार करने के लिए आगे बढ़ें। हम सभी हर संभव मदद करेंगे।




नेशनल जुट बोर्ड वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त निदेशक अनिदय आचार्या ने कहा कि आने वाले दिनों में जन सहभागी विकास केंद्र की मदद से हम प्रखंड की महिलाओं को 7 सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराएंगे, जिससे यहां की महिलाएं अच्छी प्रोडक्ट तैयार कर पाएंगे और अपनी आय को सृजन कर पाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने इन सामग्री को बिक्री हेतु एक रिटेलर स्टोर खोलने में मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जन सहभागी विकास केंद्र के साथ मिलकर हम रांची में एक जुट बैंक का भी निर्माण करेंगे। पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुजुर ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम हमारे प्रखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डंग ने कहा कि प्रखंड की हर एक लोगों को रोजगार से जोड़ना और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिये हम सभी हमेशा तात्पर्य हैं।

नेशनल जुट बोर्ड वस्त्र मंत्रालय के मार्केटिंग ऑफिसर मौसमी पांडे ने जूट बैग की विभिन्न योजनाओं के विषय में पीपीटी के माध्यम से महिलाओं को जानकारी दी। कार्यक्रम को सदस्य जिला परिषद स्थेला नगेसिया, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उपप्रमुख अभय मिन्ज ने भी संबोधन किया। मौके पर संस्था के सचिव प्रमोद वर्मा, प्रबंधक तेजू सिंह, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी एवं संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सुजीत कुमार, संस्था के ज्योति सिंह, प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# फाइलेरियासिस को 2027 तक खत्म करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : डॉ. मांडविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि भारत बहु-साझेदार और बहु-क्षेत्रीय लक्षित अभियान के माध्यम से वैश्विक लक्ष्य से तीन साल पहले 2027 तक लिम्फेटिक फाइलेरियासिस को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। मांडविया ने बृहस्पतिवार को यहां पूरे देश में दवा देने संबंधी वार्षिक राष्ट्रव्यापी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) पहल के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जनभागीदारी और पूरी सरकार और पूरे समाज के दृष्टिकोण के माध्यम से हम देश से इस बीमारी को खत्म करने में सक्षम होंगे। दस अगस्त से शुरू हुए अभियान का दूसरा चरण इस बीमारी से मुक्त नौ राज्यों - असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश के 81 जिलों को कवर करेगा। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव और उत्तर प्रदेश के उनके समकक्ष ब्रजेश पाठक, ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री निरंजन पुजारी और असम के उनके समकक्ष केशब महंत और झारखंड के बन्ना गुप्ता डिजिटल माध्यम से उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए मांडविया ने कहा, प्रयास केवल दवाएं लेने तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि मच्छरों के माध्यम से फैलने वाली बीमारियों को खत्म करने में भी मदद करनी चाहिए जिसके बिना हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रगति काफी हद तक बाधित होगी। केंद्रीय मंत्री ने स्वस्थ राष्ट्र सुनिश्चित करने के लिए राज्य और केंद्र सरकारों के बीच तालमेल बढ़ाने पर भी जोर दिया।

## देश चिकित्सा प्रौद्योगिकी-उपकरणों का वैश्विक केंद्र बनने को तैयार



**केंद्रीय** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि भारत चिकित्सा प्रौद्योगिकी और उपकरणों का वैश्विक केंद्र बनने के लिए तैयार है, जिसका बाजार आकार 2050 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। राजधानी में इंडिया मेडटेक एक्सपो 2023 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को देश में उभरते हुए क्षेत्रों में से एक माना जाता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार देश को चिकित्सा उपकरणों के लिए विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इंडिया मेडटेक एक्सपो 2023 भारत में चिकित्सा उपकरणों के पारिस्थितिकी तंत्र की दृश्यता को बढ़ाएगा और भारतीय मेडटेक क्षेत्र के लिए एक ब्रांड पहचान बनाएगा। उल्लेखनीय है कि इंडिया मेडटेक एक्सपो 2023 17-19 अगस्त 2023 को गांधीनगर, गुजरात में जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक के मौके पर आयोजित किया जाएगा।

# लश्कर के 6 सहयोगी आतंकवादी गिरफ्तार

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए संगठन के छह आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरूवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने आज यहां बताया कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला और बडगाम जिलों के सीमावर्ती शहर उरी में आतंकवादी संगठन के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस ने यहां जारी बयान में कहा कि बारामूला पुलिस और सेना की 16 सिखली के संयुक्त बलों ने चुरुंडा उरी में संयुक्त गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को इलाके में घूमते हुए देखा और उसने गश्ती दल को देखते हुए भागने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त बलों ने चतुराई से उस व्यक्ति पकड़ लिया गया। उसकी निजी तलाशी के दौरान उसके पास से दो ग्रेनेड बरामद हुए है जिसके बाद उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान चुरुंडा उरी के शौकत अली अवान के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों अहमद दीन और मोहम्मद सादिक खटाना के नामों का खुलासा किया, जो कि चुरुंडा के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि दोनों संदिग्ध के पास से दो ग्रेनेड, एक चीनी पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन और चार जिंदा राउंड बरामद हुए। पुलिस ने कहा, आरोपी पाकिस्तान स्थित आकाओं के इशारे पर सीमा पार से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए लश्कर के आतंकवादियों को इसकी जानकारी देने में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एक अलग अभियान में, पुलिस और सुरक्षा बलों ने बडगाम में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सेना की 62 आरआर के साथ मिलकर जिला बडगाम के खानसाहब इलाके में तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तान आतंकवादी सहयोगियों की पहचान कैसर अहमद डार, ताहिर अहमद डार और अकीब राशेद गनी के रूप में हुई है और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि उनके कब्जे से एक चीनी हैंड ग्रेनेड, दो मैगजीन और 57 जिंदा राउंड सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति ने वी.वी. गिरी को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति वी.वी. गिरि को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति के अलावा राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी वी.वी. गिरि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। देश के चौथे राष्ट्रपति वी.वी. गिरी का जन्म 10 अगस्त 1894 को ओडिशा के बेरहमपुर गांव में हुआ था।

### ईडी ने गिरफ्तार मंत्री सेंथिल बालाजी के भाई की संपत्ति जब्त की

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु के गिरफ्तार मंत्री सेंथिल बालाजी के भाई अशोक कुमार की संपत्ति जब्त कर ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने करूर में करूर-सलेम रोड पर अंडानकोइल पूर्व में अशोक कुमार की संपत्ति की तलाशी ली। आरोप थे कि अशोक कुमार 2.49 एकड़ जमीन पर सेंथिल बालाजी के फंड से एक विशाल हवेली का निर्माण कर रहे हैं। संपत्ति अशोक कुमार की पत्नी निर्मला के नाम पर पंजीकृत थी और मेलाकारुर उप रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत थी।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को 'सोलर एक्सप्रेस-वे' बनाएगी सरकार

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के साथ ही औद्योगिक गलियाओं और विशेष तौर पर हाइवे के रखरखाव और सुविधाओं में वृद्धि के लिए प्रयासरत योगी सरकार अब नवीकरणीय ऊर्जा के तौर पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठी पहल करने जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को सौर ऊर्जा से लैस करने की अनूठी पहल को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है। फिलहाल, यूपीडा द्वारा एक 'एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट' का लेटर जारी किया गया है। इसके अनुसार, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को सोलर एक्सप्रेस-वे में परिवर्तित करने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा तैयार



कर ली गई है और पूरी योजना को पीपीपी मॉडल के अंतर्गत वृहद स्तर पर सोलर पैनल इंप्लांटेशन के जरिए मूर्त रूप दिया जाएगा। यूपीडा द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, 296 किमी लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को सौर ऊर्जा चालित एक्सप्रेस-वे के तौर पर विकसित करने की कार्ययोजना पर चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) के निर्देश पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

# अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए भाग्यशाली यह विपक्ष के लिए शक्ति परीक्षण है : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा में कहा कि अविश्वास प्रस्ताव भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र के लिए भाग्यशाली है, क्योंकि शक्ति परीक्षण एनडीए के लिए नहीं, बल्कि विपक्ष के लिए है, जिसने संसद में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कई सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं और 'मैंने भी कुछ सदस्यों के भाषण सुने हैं'। यह कहते हुए कि देश के लोगों ने कई बार एनडीए सरकार पर अपना भरोसा दिखाया है। मोदी ने कहा, मैं यहां भारत के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करने के लिए हूं। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भगवान दयालु हैं और अगर वह ठान लेते हैं तो किसी भी माध्यम से लोगों की इच्छा पूरी करते



हैं। उन्होंने कहा, और मैं इसे आशीर्वाद मानता हूं कि भगवान ने विपक्ष को सुझाव दिया और वे (अविश्वास) प्रस्ताव लेकर आए। उन्होंने कहा, "2018 में भी जब विपक्ष के सदस्य अविश्वास प्रस्ताव लाए थे तो यह भगवान की इच्छा थी और तब भी मैंने कहा था कि यह हमारी सरकार का शक्ति परीक्षण नहीं है, बल्कि यह उनका (विपक्ष का) शक्ति परीक्षण है।"मोदी ने कहा, और जब वोटिंग हुई तो भी यही हुआ। वोटों की संख्या उन वोटों को नियंत्रित नहीं कर सकी जो उन्हें पहले मिले थे। इतना ही नहीं, जब हम जनता के पास गए तो लोगों ने विपक्ष के लिए अविश्वास की घोषणा कर दी और चुनाव में एनडीए के साथ-साथ भाजपा को भी ज्यादा वोट मिले। इसका मतलब है कि अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए भाग्यशाली है।"उन्होंने कहा, मैं देख सकता हूं कि आपने तय कर लिया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए और भाजपा अधिक बहुमत के साथ पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देंगे।अविश्वास प्रस्ताव विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया) की ओर से कांग्रेस द्वारा लाया गया है। मंगलवार को इस बहस की शुरूआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की थी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को चर्चा में भाग लिया था। उनके यह कहने पर कि मणिपुर में 'भारत की हत्या' हुई है, सत्तापक्ष ने जोरदार हंगामा किया।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा की तैयारी

# लाल किला, आईटीओ-राजघाट के आसपास धारा 144 लागू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए राजघाट, आईटीओ और लाल किला के आसपास कई इलाकों में धारा 144 लगा दी है। पुलिस उपायुक्त (केंद्रीय) ने ट्वीट किया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर राजघाट, आईटीओ और लाल किले के आसपास के सभी इलाकों में धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस उपायुक्त ने लिखा कि इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की सभा की अनुमति नहीं है। 15 अगस्त को 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले से देश को संबोधित करेंगे।

# अब सुप्रीम कोर्ट में क्यूआर कोड आधारित ई-पास से मिलेगा प्रवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने गुरुवार को 'सुस्वागतम' नामक एक पोर्टल लॉन्च किया, जहां अधिवक्ता, वादी और अन्य नागरिक सुप्रीम कोर्ट में प्रवेश के लिए क्यूआर कोड-आधारित ई-पास का अनुरोध कर सकते हैं। वेब-आधारित पोर्टल और मोबाइल-अनुकूल एप्लिकेशन वादियों और अन्य सभी को लंबी कतारों से बचाएगा, और शीर्ष अदालत में उन्हें पेपरलेस प्रवेश की सुविधा देगा। उपयोगकर्ता शीर्ष अदालत परिसर के प्रवेश और निकास द्वार पर अपने ईपास के क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं। प्रवेश/निकास सॉफ़्टवेयर उपयोगकर्ताओं को खुद को ऑनलाइन पंजीकृत करने और विभिन्न उद्देश्यों के लिए ई-पास का अनुरोध करने की अनुमति देता है - जैसे अदालत की सुनवाई में भाग लेना, कार्यालय ब्लॉक में जाना, वादियों का अधिवक्ताओं से मिलना, या प्रेस लाउंज में जाना आदी। सुस्वागतम पोर्टल का 25 जुलाई से एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में परीक्षण किया गया था और इसे यूजर्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। परीक्षण चरण में पोर्टल के माध्यम से 10,000 से अधिक ई-पास जारी किए गए। अपनी जरूरतों और पुलिस क्लीयरेंस प्रमाणपत्रों के आधार पर यूजर ई-पास के लिए अलग-अलग वैधता अवधि चुन सकते हैं। पोर्टल विभिन्न प्रकार के उपयोगकर्ताओं के लिए भूमिका-आधारित सुरक्षित लॉगिन भी प्रदान करता है जहां वे अपनी पहचान का प्रमाण अपलोड कर सकते हैं और पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान अपनी लाइव फोटो खींच सकते हैं।

# सातारा जिले में सड़क हादसे में 4 की मौत, 5 घायल

**मुंबई।** सातारा जिले में स्थित सूयार्चीवाड़ी इलाके में गुरुवार को सुबह भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में 5 घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज सातारा के जिला अस्पताल में हो रहा है। इनमें से दो की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। सातारा जिले के पुलिस उपअधीक्षक अजय कोकाटे ने मौके का मुआयना किया। इसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोकाटे ने मीडिया को बताया कि सातारा जिले के खटाव तहसील के मायणी गांव के करीब दस भक्त देवदर्शन के लिए गुरुवार को सुबह वाहन से निकले थे।

## FILMY हलचल

### कन्नड़ फिल्म 'भीमा' में एक साथ नजर आएंगी प्रिया भवानी शंकर और मालविका

**प्रिया भवानी** शंकर और मालविका शर्मा कन्नड़ फिल्म 'भीमा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में सुपरस्टार गोपीचंद मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, यह उनकी 31वीं फिल्म होगी। फिल्म ए. हर्ष द्वारा निर्देशित और श्री सत्य साईं आर्ट्स के बैनर तले के.के. राधामोहन द्वारा निर्मित है। फिल्म में दोनों हीरोइनों की बराबर अहमियत होगी। फिल्म का फर्स्ट लुक पहले गोपीचंद के जन्मदिन के दौरान जारी किया गया था और माचो हीरो के दमदार लुक को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। इस हाई-बजट फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में चल रही है। फैमिली इमोशन्स से भरपूर यह फिल्म एक्शन एनटरटेंनर होगी। फिल्म 'भीमा' में विभिन्न शिल्पों की देखभाल करने वाले कुछ टॉप टेक्नीशियन होंगे। जहां स्वामी जे गौड़ा सिनेमैटोग्राफर हैं, वहीं 'केजीएफ' फेम रवि बसरूर म्यूजिक देंगे। रमाना वंका प्रोडक्शन डिजाइनर हैं और किरण एडिटर हैं। अज्जू महंकाली डायलॉग लिखेंगे। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राम-लक्ष्मण, वेंकट और डॉ रवि वर्मा द्वारा कोरियोग्राफ किए गए फाइट्स सीन्स होंगे।





### दिशा पाटनी से ब्रेकअप के बाद टाइगर श्रॉफ की जिंदगी में नई 'दिशा'



**अभिनेता** टाइगर श्रॉफ और अभिनेत्री दिशा पटानी रिलेशनशिप में थे, लेकिन डेढ़ साल पहले उनका ब्रेकअप हो गया। दोनों ने अपने ब्रेकअप का खुलासा तो नहीं किया, लेकिन एक इंटरव्यू में टाइगर ने कहा था कि वह सिंगल हैं। उसके बाद उन्हें और दिशा को एक साथ नहीं देखा गया। ऐसे में टाइगर की जिंदगी में एक और 'दिशा' को लेकर चचाएं हो रही हैं। सूत्रों के हवाले से मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक टाइगर पिछले डेढ़ साल से ज्यादा समय से एक लड़की को डेट कर रहे हैं। उनका नाम दिशा धानुका है और वह एक प्रोडक्शन हाउस में बड़े पद पर काम करती हैं।

### 'महिला प्रधान एक्शन फिल्में नहीं चलती' इस विचारधारा को तोड़ेंगी आलिया भट्ट

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस आलिया भट्ट 'हार्ट ऑफ स्टोन' के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहां वह गैल गैडोट अभिनीत फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाती नजर आएंगी। फिल्म में आलिया जासूसी और साइबर वॉरफेयर को एक्सप्लोर करने वाली हाई-ऑक्टेन थ्रिलर में चैलेजिंग रोल निभाती नजर आएंगी, वह केया धवन की भूमिका में है। दुनिया के सबसे टेलेंटेड और खतरनाक हैकरों में से एक केया धवन के उनके किरदार से ग्लोबल ऑडियंस को आकर्षित करने और इंटरनेशनल टैलेंट के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की उम्मीद है। 'हार्ट ऑफ स्टोन' में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, आलिया ने साझा किया - अमेजिंग बात यह है कि दुनियाभर में नैरेटिव कैसे बदल रहे हैं। मैंने इसका एक्सपीरियंस भारत में भी किया है, जहां मैंने 'गंगूबाई' नामक फिल्म में काम किया था, जिसने दुनिया भर के सिनेमाघरों और नेटफ्लिक्स पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और यह एक ऐसी फिल्म थी जो सुर्खियों में आई थी।" ₹हम एक निश्चित विचारधारा से आते हैं कि एक एक्शन फ्रेंचाइजी में वुमन लीड फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं करेगी।



### भागीदारी — आईएनएस सह्याद्री-कोलकाता समुद्री अभ्यास के लिए सिडनी पहुंचे

# पहली बार मेजबानी करेगा ऑस्ट्रेलिया

**जापान-अमेरिका की नौसेनाएं भी जहाजों और विमानों के साथ लेंगी हिस्सा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया पहली बार क्वाड देशों की नौसेनाओं के मालाबार अभ्यास की मेजबानी कर रहा है। इस जटिल समुद्री अभ्यास में हिंद-प्रशांत पर चर्चा करने वाले शीर्ष नौसैन्य कमांडरों के साथ समुद्र और बंदरगाह दोनों चरण शामिल होंगे। अभ्यास में भारतीय नौसेना के स्वदेशी फ्रंटलाइन युद्धपोत आईएनएस सह्याद्री और आईएनएस कोलकाता हिस्सा लेने सिडनी पहुंच गए हैं। नौसेना कमांडर विवेक मधवाल के



मुताबिक रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी की मेजबानी में 11 से 21 अगस्त तक सिडनी में होने वाले मालाबार अभ्यास में भारत के अलावा अमेरिकी नौसेना (यूएसएन), जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) के जहाजों और विमानों की भागीदारी होगी। इस समुद्री अभ्यास की मालाबार श्रृंखला 1992 में भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू हुई थी। पिछले कुछ वर्षों में इसका कद इतना बढ़ गया है कि इसमें भारत-प्रशांत क्षेत्र की चार प्रमुख नौसेनाओं को शामिल कर लिया गया है।

मालाबार अभ्यास के 2020 संस्करण में रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी की पहली भागीदारी देखी गई। इस वर्ष मालाबार का 27वां संस्करण है, जिसकी मेजबानी रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (आरएएन) कर रही है। यह अभ्यास दो चरणों में होगा, हार्बर चरण में क्रॉस-डेक दौरे, पेशेवर आदान-प्रदान, खेल फिक्स्चर और समुद्री चरण की योजना और संचालन के लिए कई इंटरैक्शन जैसी व्यापक गतिविधियां शामिल होंगी। समुद्री चरण में युद्ध के सभी तीन क्षेत्रों में विभिन्न जटिल और उच्च तीव्रता वाले अभ्यास शामिल होंगे, जिसमें जीवित हथियार फायरिंग अभ्यास सहित सतह-रोधी, वायु-रोधी और पनडुब्बी रोधी अभ्यास शामिल होंगे। अभ्यास में शामिल होने वाला भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस सह्याद्रि स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रोजेक्ट-17 क्लास मल्टी-रोल स्टील्थ फ्रिगेट्स का तीसरा जहाज है। वर्तमान में इसकी कमान कैप्टन राजन कपूर के पास है। आईएनएस कोलकाता स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रोजेक्ट-15ए श्रेणी के विध्वंसक जहाज का पहला जहाज है और इसकी कमान कैप्टन शरद सिंसुनवाल के पास है। दोनों जहाज मझगांव डॉक लिमिटेड, मुंबई में बनाए गए हैं और सतह, हवा और पानी के नीचे के क्षेत्रों में खतरों का पता लगाने और उन्हें बेअसर करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### हांगचो 2023 से 2026 तक लगातार चार विश्व बैडमिंटन वर्ल्ड टूर फाइनल की मेजबानी करेगा

बीजिंग। रिपोर्टों के अनुसार, विश्व बैडमिंटन महासंघ ने 9 अगस्त को पुष्टि की कि चीन का हांगचो शहर साल 2023 से 2026 तक लगातार चार विश्व बैडमिंटन वर्ल्ड टूर फाइनल की मेजबानी करेगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ के महासचिव थॉमस लुंड ने कहा कि हांगचो में उत्कृष्ट खेल बुनियादी ढांचा और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी का समृद्ध अनुभव है, जो इसे विश्व बैडमिंटन महासंघ वर्ल्ड टूर फाइनल की मेजबानी के लिए एक आदर्श शहर बनाता है। हांगचो में बैडमिंटन का व्यापक जनाधार है और सभी स्तरों की गैर-सरकारी प्रतियोगिताएं साल भर होती हैं। हांगचो ने कई उत्कृष्ट चीनी बैडमिंटन खिलाड़ी तैयार किए हैं, जिनमें फू छुन-अ, सांग यांग, वांग लिन आदि शामिल हैं। इस साल का विश्व बैडमिंटन महासंघ वर्ल्ड टूर फाइनल 13 से 17 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

### रियल मैड्रिड के युवा खिलाड़ी अरिबास अल्मेरिया में शामिल

**मैड्रिड।** आगामी ला लीगा सीजन के लिए तैयारी करते हुए, अल्मेरिया ने रियल मैड्रिड से सर्जियो अरीबास को खरीदकर अपनी फॉरवर्ड लाइन को मजबूत किया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो अभियानों में रियल मैड्रिड की बी-टीम, रियल मैड्रिड कैस्टिला के लिए शीर्ष स्कोरर का खिताब जीतने वाले 21 वर्षीय खिलाड़ी ने टीम के साथ पांच साल का अनुबंध किया है। हालाँकि अरिबास को रियल मैड्रिड के यूएसए के प्री-सीजन दौरे में शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने चार मुकाबलों में केवल 30 मिनट की कार्रवाई देखी।

# बीडब्ल्यूएफ : निशिमोतो से भिड़ेंगे किदांबी, सिंधु को मिला बाई

**एजेंसी। कुआला लंपुर**

बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के पहले राउंड में भारत की अनुभवी शटलर पीवी सिंधु को बाई दिया गया है, जबकि किदांबी श्रीकांत जापान के केंता निशिमोतो के खिलाफ अभियान की शुरूआत करेंगे। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने गुरुवार को ड्रॉ आयोजित होने के बाद इसकी पुष्टि की। कुल 16 भारतीय शटलर ड्रॉ का हिस्सा थे, जिनमें से चार एकल स्पर्धाओं में भाग लेंगे।



केवल एचएस प्रणय और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी को शीर्ष 10 में वरीयता दी गयी है। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु (16वीं वरीयता प्राप्त) दूसरे राउंड से अपने अभियान की शुरूआत करेंगी जहां उनका मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा और वियतनाम की थुए लिन्ह नुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगी। दूसरी वरीयता प्राप्त और पिछले संस्करण के कांस्य पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को भी बाई मिली है। विश्व की नंबर दो पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में आयरलैंड के जोशुआ मैगी/पॉल रेनॉल्ड्स या ऑस्ट्रेलिया के केनेथ झे हूई चू/मिंग चुएन लिम से भिड़ेगी। भारत के एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत की स्टार तिकड़ी पुरुष एकल में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। पहले दौर में नौवीं वरीयता प्राप्त प्रणय का मुकाबला फिनलैंड के काले कोलजोनेन से होगा, जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य का मुकाबला मॉरीशस के जॉर्जेस जूलियन पॉल से होगा। महिला युगल प्रतियोगिता में 15वीं वरीयता प्राप्त त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी पहले राउंड में बाई मिलने के बाद दूसरे राउंड में चीनी ताइपे की चांग चिंग हुई/यांग चिन तुन या एस्टोनिया की केटी-क्रीट मरान/हेलिना रूटेल से भिड़ेगी।

अश्विनी भट्ट के. और शिखा गौतम की दूसरी भारतीय महिला युगल जोड़ी नीदरलैंड की देबोरा जिल और चेरिल सेनेन के खिलाफ क्वालीफिकेशन के लिए लड़ेगी। रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी को पहले चरण में स्कॉटलैंड के ऐडम हॉल और जूली मेकफर्सन से भिड़ना होगा। इसी प्रतियोगिता में वेंकट प्रसाद और जूही देवांगन जर्मनी के जोन्स रैल्फी जैनसेन और लिंडा एफ्लर से भिड़ेंगे। बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप का 28वां संस्करण 21 से 27 अगस्त के बीच डेनमाक के कॉपेनहैगन में खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता की पांच अलग-अलग श्रेणियों में 55 देशों के 375 शटलर हिस्सा लेंगे।

# स्वीयाटेक ने किया प्लिस्कोवा को हराकर राउंड 16 में प्रवेश



**एजेंसी। मॉन्ट्रियल (कनाडा)**

कठिन शुरूआती सेट के बाद, इगा स्वीयाटेक ने यहां कैनेडियन ओपन के राउंड 16 में आगे बढ़ने के लिए कैरोलिना प्लिस्कोवा के खिलाफ अपनी लय हासिल की। बुधवार रात प्लिस्कोवा के खिलाफ 7-6 (6), 6-2 से जीत के साथ, वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने अब लगातार 30वीं बार अपना पहला मैच जीता है। अगर वह गुरुवार को कैरोलिना मुचोवा के खिलाफ जीत हासिल करती है और कनाडाई ओपन में क्वार्टर फाइनल में आगे बढ़ती है, तो स्वीयाटेक 72वें सप्ताह तक शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखेगी। नंबर 14 वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा ने सोराना क्रिस्टिया पर 7-5, 6-4 से जीत दर्ज की। इस बीच, दुनिया की नंबर 2 आर्यना सबालेंका ने नंबर 35 पेट्रा मार्टिक को 6-3, 7-6(5) से हराकर राउंड 16 में प्रवेश कर अपने अभियान की शुरूआत की। पिछले महीने विंबलडन सेमीफाइनल में ओन्स जाबौर से हारने के बाद अपना पहला मैच खेल रही सबालेंका ने पहले सेट में आसानी से जीत हासिल की लेकिन दूसरे सेट में उन्हें 72 मिनट तक संघर्ष करना पड़ा।

### भारत-पाकिस्तान मैच के दबाव पर कुंबले ने कहा

# केन्या से हारो लेकिन पाक से नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के महान लेग स्पिनर और पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने खुलासा किया कि उनके खेल करियर में, भारत-पाकिस्तान मैचों का प्रचार इतने उच्च स्तर पर था कि अगर टीम केन्या से हार भी जाती तो प्रशंसकों को कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। भारत 2 सितंबर को कैंडी के पल्लेकेल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 50 ओवर के एशिया कप 2023 के ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। यदि भारत और पाकिस्तान सुपर फोर चरण में पहुंचते हैं, तो उनका कोलंबो में आमना-सामना होना तय है। भारत और पाकिस्तान पुरुष वनडे विश्व कप के लीग चरण में 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने-सामने होंगे।



कुंबले ने बेंगलुरु में अनुभवी क्रिकेट प्रशासक अमृत माथुर द्वारा लिखे गए संस्मरण पिचसाइड के लॉन्च के दौरान कहा, हमारे समय में, यह शब्द था 'केन्या से भी हारें लेकिन पाकिस्तान से नहीं।' कुंबले, जो 2016 से 2017 तक भारत के मुख्य कोच भी थे, को 1999 में नई दिल्ली में खेले गए टेस्ट मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 74 रन देकर ऐतिहासिक 10 विकेट लेने के लिए याद किया जाता है। पाकिस्तान के खिलाफ 34 एकदिवसीय मैचों में, कुंबले ने 54 विकेट लिए हैं। मैं 10 विकेट लेने के बारे में सोचकर मैदान पर नहीं गया था, हालांकि यह किसी भी गेंदबाज का सपना होता है। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ अगले टेस्ट मैच, कोलकाता में एशियाई टेस्ट चैंपियनशिप में, मैं एक विकेट लेने के लिए भी संघर्ष कर रहा था। उन्होंने कहा, "यह आपके लिए क्रिकेट का खेल है।" इस कार्यक्रम में कुंबले के अलावा भारत के पूर्व बल्लेबाज और वर्तमान एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, साथ ही पूर्व भारतीय विकेटकीपर और 1983 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य सैयद किरमानी मौजूद थे। कुंबले ने अपने 18 साल के अंतर्राष्ट्रीय खेल करियर को 132 मैचों में 619 विकेट के साथ भारत के लिए टेस्ट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले और कुल मिलाकर चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त किया। 271 वनडे मैचों में उन्होंने 337 विकेट लिए।

# एशियाई खेल : स्वर्ण पदक जीत सकती है भारतीय महिला टीम : राजेश्वरी

**एजेंसी। मुंबई**

बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को लगता है कि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक से चूकने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करेगी। पिछले साल भारतीय टीम बर्मिंघम में महिला क्रिकेट के राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण में स्वर्ण पदक जीतने से चूक गयी थी, उसे फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार मिली थी। हाल के वर्षों में टीम को बड़े टूर्नामेंट के तीन फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय महिला टीम ने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर सीधे एशियाई खेलों के क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। गायकवाड़ ने पीटीआई को दिये साक्षात्कार में कहा, निश्चित रूप से, हम एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतेंगे।' उन्होंने कहा, हम सभी बड़ी प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ खेल चुके हैं, लेकिन हम उसके बारे में सोचते नहीं रह सकते, हमें अपनी टीम पर भरोसा है, हम स्वर्ण पदक जीत सकते हैं।' गायकवाड़ भारत के पिछले दौरे (बांग्लादेश के खिलाफ) पर टीम का हिस्सा नहीं थी, जिसमें टीम ने टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 2-1 से जीती जबकि वनडे श्रृंखला 1-1 से बराबर रही। गायकवाड़ ने कहा, मैं बांग्लादेश दौरे के दौरान रिहैबिलिटेशन में थी और आराम कर रही थी। ऐसा नहीं था कि मुझे टीम से बाहर किया गया था।'



भारत के लिए दो टेस्ट, 64 वनडे और 55 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी यह स्पिनर इस समय महिला प्रीमियर लीग की टीम यूपी वारियर्स के भारतीय खिलाड़ियों के लिये लगे सत्र से इतर के शिविर में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा, हमने शिविर में काफी अच्छा काम किया है। हमें किसी विशेष विभाग पर काम करने की जरूरत नहीं है लेकिन उन विभागों में सुधार कर सकते हैं जिसमें हम बेहतर कर सकते थे और हमारा ध्यान सिर्फ इसी पर लगा है।' गायकवाड़ ने कहा, हमारा ध्यान सभी विभागों में सुधार करने पर है, जिसमें क्षेत्ररक्षण, बल्लेबाजी और गेंदबाजी शामिल है। विशेषकर बल्लेबाजों ने अपने स्ट्रोक्स पर काम करने की कोशिश की है।'

### ईडन गार्डन्स में बड़ा हादसा

# वर्ल्ड कप की तैयारियों के बीच लगी आग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले प्रतीक्षित 2023 वनडे विश्व कप से पहले कोलकाता के प्रतिष्ठित ईडन गार्डन में आग लग गई। यह घटना बुधवार रात को हुई जिसके कारण स्टेडियम प्रबंधन ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया और आग पर नियंत्रित किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक ड्रेसिंग रूम की फॉल्स सीलिंग में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की संभावना है। नवीनीकरण के लिए आयोजन स्थल पर काम कर रहे लोग इससे चिंतित हो गए, जिसके कारण फायर स्टेशन ने आग बुझाने के लिए दो इंजन तैनात किए। बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) के सचिव देबब्रत दास स्थिति का आकलन करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि मामले की जांच



की जाएगी कि कर्मियों की किसी लापरवाही ने इसमें भूमिका निभाई या नहीं। चीजों की भव्य योजना को ध्यान में रखते हुए इस तरह के मामले अच्छे संकेत नहीं हैं, खासकर एकदिवसीय विश्व कप नजदीक होने पर। इस बीच अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के प्रतिनिधियों ने नवीनीकरण कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है। इसके अलावा ईडन गार्डन्स में हालिया झटके के कारण अगले महीने एक और निरीक्षण होने की संभावना है।

# ट्रेंट बोल्ट को न्यूजीलैंड के वनडे विश्व कप अभियान में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद

**एजेंसी। माउंट मौंगानुई**

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा है कि वह फिर से देश का प्रतिनिधित्व करने और 5 अक्टूबर से होने वाले आगामी एकदिवसीय विश्व कप को जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए 'हमेशा की तरह' भूखे हैं। बोल्ट ने भारत में होने वाले मेगा इवेंट की तैयारी के तहत इंग्लैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की वनडे टीम में वापसी की है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जो पिछले साल अपने केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद प्रारूप में वापसी कर रहे हैं, 2015 और 2019 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में उपविजेता के रूप में समाप्त होने वाली न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बुलबुले से एक



तरह से दूर जाने के लिए एक साल पहले लेना आसान निर्णय नहीं था। मैं कभी नहीं चाहता था कि यह न्यूजीलैंड या फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बारे में हो। मैंने सिर्फ इस तथ्य का सम्मान किया कि मेरा करियर (केवल) इतने लंबे समय तक, और एक गेंदबाज के रूप में अपने शेष वर्षों का अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश की। निश्चित रूप से अभी भी देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उतना ही भूखा हूं, और उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में लोगों के साथ कुछ खास करूंगा। मैं कर सकता हूं।"

बोल्ट ने बे ओवल में चल रहे टीम के प्रशिक्षण शिविर में न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के साथ बातचीत में कहा, "मेरे मन में हमेशा यह बात रही है कि वापस आऊं और एकदिवसीय विश्व कप की दिशा में काम करूं। वहां इतिहास शामिल है. पिछले अभियानों में हमारा समय बहुत रोमांचक रहा है। तो बस इसमें शामिल होने की भूख है, और उम्मीद है कि एक बड़ी भूमिका निभाऊंगा। मैं बस कुछ ऐसी चमकदार चीज उठाने के बारे में सोच रहा हूं जिसके हम चार साल पहले काफी करीब थे। यह सबसे बड़ा फोकस है।

बोल्ट 39 विकेट के साथ वनडे विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से एक साल की अनुपस्थिति के दौरान उन्होंने फ्रेंचाइजी टी20 लीग खेलीं। उन्होंने हाल ही में एमआई न्यूयॉर्क के लिए अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में यूएसए में उद्घाटन मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ट्रॉफी जीती। वह आईपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स, यूएई के आईएलटी20 में एमआई एमिरेट्स और ऑस्ट्रेलिया के बीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेले। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अपने एक साल के अवकाश के बारे में बात करते हुए बोल्ट ने कहा कि वह फ्रेंचाइजी के अवसरों के लिए आभारी हैं, लेकिन अब उनका ध्यान वनडे विश्व कप पर केंद्रित है।

# इंग्लिश टीम ने हमारे साथ जश्न नहीं मनाया : स्मिथ

**एजेंसी। सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया है कि इंग्लैंड ने अंतिम एशेज टेस्ट खत्म होने के बाद कई मौकों पर ऑस्ट्रेलिया के साथ ड्रिंक करने से इनकार कर दिया था। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ओवल मैदान पर खेला गया 5वां और अंतिम टेस्ट 5 दिन तक चला। इंग्लैंड ने 49 रन से यह मैच जीतकर श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर समाप्त की। लेकिन इस मैच के बाद एक बवाल भी मचा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के साथ पारंपरिक जश्न मनाने से इनकार कर दिया था और ऑस्ट्रेलियाई टीम को ड्रेसिंग रूम से बाहर तक कर दिया गया था। वहीं इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों टीमें बाद में एक नाइट क्लब में मिलीं। स्मिथ ने एसईएन रेडियो पर कहा, हमने कई बार दरवाजा खटखटाया। हम कुछ देर इंतजार कर रहे थे और एक समय



स्टोक्स बाहर आए और कहा 'दो मिनट' और लगभग एक घंटा बीत गया। हमने सोचा, 'हम यहाँ बैठे नहीं रह सकते। हम बीयर पीने जा रहे हैं या नहीं?" सभी थोड़ा तंग आ गए और हमने फैसला किया कि अब हमें यहां से चले जाना चाहिए।" इससे पहले, इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने कहा था कि इंग्लैंड की टीम अंतिम टेस्ट के बाद रिटायर हो रहे स्टुअर्ट ब्रॉड और मोइन अली के साथ-साथ उनके लंबे समय के फिजियो को एक विस्तृत विदाई दे रही थी, जिसके कारण हमें आस्ट्रेलियाई टीम के साथ पारंपरिक जश्न मनाने का समय नहीं मिला।

### टूर्नामेंट | हॉकी इंडिया ने 100वीं कार्यकारी बोर्ड की बैठक बुलाई

# एचआईएल के वित्तीय मॉडल को मिली मंजूरी

**एजेंसी। चेन्नई**

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को अपनी 100वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक का आयोजन किया। बैठक में देश में खेल के भविष्य को आकार देने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इस ऐतिहासिक बैठक की अध्यक्षता हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की के साथ-साथ हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष सेकर जे मनोहरन ने की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष दातो तैयब इकराम और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) के अध्यक्ष फुमियो ओगुरा भी उपस्थित थे, दोनों को स्मारक स्मृति चिन्ह से भी सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान चीन के हांगझू में इस साल के अंत में होने वाले आगामी एशियाई खेलों और हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पुनरुद्धार सहित विभिन्न मामलों पर चर्चा की गई। बैठक में हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड ने हॉकी इंडिया




लीग के लिए वाणिज्यिक एजेंसी बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित वित्तीय मॉडल को भी आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी, जिसके बाद एजेंसी औपचारिक रूप से हॉकी इंडिया लीग के लिए बाजार में उतरेगी।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, मैं आज यहां हॉकी इंडिया की 100वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक में शामिल होकर प्रसन्न और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सभा उस खेल के प्रति अटूट समर्पण की एक सदी की बैठक का प्रतिनिधित्व करती है जिसे हम प्यार करते हैं। आज, एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम और एएचएफ अध्यक्ष फुमियो ओगुरा जैसे सम्मानित नेताओं के साथ, हम वैश्विक सहयोग और हॉकी के उत्थान के सामान्य लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। उन्होंने कहा, पिछले महीने, हमने अपनी मार्केटिंग एजेंसी द्वारा प्रस्तावित एचआईएल पुनरुद्धार योजनाओं की समीक्षा करने के लिए बैठक बुलाई थी, और आज कार्यकारी बोर्ड ने हॉकी इंडिया लीग के लिए बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित वित्तीय मॉडल को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी। एजेंसी को आधिकारिक तौर पर हॉकी इंडिया लीग के लिए बाजार में कदम रखने दें। इस टूनार्मेंट का उद्देश्य बहुत उच्च गुणवत्ता वाली हॉकी का उत्पादन करना है, जो खेल को और भी ऊपर उठाने में मदद करेगा।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने अध्यक्ष की भावनाओं को दोहराते हुए कहा, मेरा मानना है कि हॉकी इंडिया लीग न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में खेलों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमारे भारतीय हॉकी खिलाड़ियों के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ियों को भी प्रतिस्पर्धा करके अपने खेल को ऊपर उठाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा, कौशल और रणनीतियों का यह अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान न केवल खिलाड़ियों की क्षमताओं में सुधार करता है बल्कि खेल की गहरी समझ को भी बढ़ावा देता है, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेहतर प्रदर्शन करने की अनुमति मिलती है। यह सब हॉकी के वैश्विक विकास में योगदान देगा।

